


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14 अंक - 165 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरूवार 30 मार्च 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## सरकार का बड़ा फैसलाः दुर्लभ बीमारियों की दवाइयां होंगी सस्ती, कस्टम ड्यूटी को किया फ्री



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुर्लभ और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों के लिए गुरुवार को बड़ी खबर सामने आई। आमतौर पर दुर्लभ बीमारियों के इलाज के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली दवाइयां काफी महंगी होती है। इस संबंध में बड़ा फैसला करते हुए सरकार ने नेशनल पॉलिसी फार रेयर डिजीज 2021 के तहत लिस्टेड दुर्लभ बीमारियों के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली दवाइयों की कस्टम ड्यूटी को फ्री कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने अधिसूचना जारी करके इसकी सूचना दी है। इस छूट का लाभ व्यक्तिगत आयातक भी उठा सकेंगे, उन्हें इसके लिए केंद्र या राज्य स्वास्थ्य सेवा निदेशक या जिले के जिला चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन से एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। इस फैसले से उन लोगों को काफी राहत मिलने का उम्मीद है जो मंहगी दवाइयों और इलाज के उपकरणों के चलते दुर्लभ बीमारियों का इलाज नहीं करा पाते हैं।

### रोगी के इलाज में मिलेगी मदद

एक अनुमान के अनुसा 10 किलो वजन वाले बच्चे को अगर कोई दुर्लभ बीमारी है तो इसके इलाज की वार्षिक लागत 10 लाख से 1 करोड़ से अधिक हो सकती है। उपचार को आजीवन चलाने की भी जरूरत हो सकती है, जिसके चलते दवा की लागत बहुत अधिक हो जाती है। उम्र और वजन के साथ डोज और इसी के पैरलल दवाइयों का खर्च भी बढ़ता रहता है। इनके कस्टम ड्यूटी फ्री होने से दवाइयों के दाम में कमी आएगी जिसका सीधा लाभ रोगी के इलाज में खर्च होने वाली राशि को कम करने में मिल सकेगा।

गौरतलब है कि इससे पहले सरकार ने स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी या ड्यूकेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी जैसी दुर्लभ बीमारियों के उपचार के लिए निर्दिष्ट दवाओं को छूट पहले ही प्रदान की हुई है। वित्त मंत्रालय ने अधिसूचना में बताया, सरकार को अन्य दुर्लभ बीमारियों के उपचार में प्रयोग में लाई जाने वाली दवाओं और उपचार के लिए आवश्यक विशेष खाद्य पदार्थों के लिए सीमा शुल्क में राहत की मांग वाले कई पत्र प्राप्त हुए। इनमें से कई बीमारियों की दवाइयां काफी महंगी होती हैं और इन्हें आयात करने की आवश्यकता है। यह फैसला ऐसे रोगियों के उपचार के लिए खर्च होने वाली मोटी रकम को कम करने में सहायक होगी।

## खास-खबर

### रामनवमी शोभायात्रा को लेकर पुलिस सतर्क, 160 सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

**जगदलपुर।** रामनवमी को लेकर पुलिस विभाग अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। एक तरफ जहां सुरक्षा को देखते हुए पुलिस बलों की तैनाती की जा रही है, वहीं दूसरी तरफ रामनवमी के अवसर पर सीसीटीवी कैमरे को पुलिस ने अपना अचूक हथियार बनाया है। बताया जा रहा है कि आगामी एक माह के अंदर रामनवमी, महावीर जयंती, गुड फ्राइडे और ईद उल फित्र आदि प्रमुख त्योहारों में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर में लगे 160 सीसीटीवी कैमरे निगरानी की जाएगी। बता दें कि पुलिस के कुछ आला अधिकारियों को सिर्फसीसीटीवी कैमरे मॉनिटर करने की राउंड दी क्लाक ड्यूटी दी गई है। उनका काम सिर्फ यही रहेगा कि वे सीसीटीवी फुटेज देखकर मॉनिटरिंग करते रहेंगे। इस दौरान उन्हें अगर कोई भी अप्रिय स्थिति दिखती है तो वे तुरंत शोभा यात्रा में तैनात संबंधित पुलिस अधिकारियों को सूचित करेंगे ताकि किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटा जा सके। गौरतलब है कि सुकमा में घटित घटना के बाद पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। सोसल मीडिया से लेकर शहर के चप्पे चप्पे पर निगाह रखे हुए है। पुलिस ने पहले ही फ्लैग मार्च निकाला कर आपराधिक तत्वों को चेता दिया है।

### रायपुर ऑटो एक्सपोः हाईकोर्ट वाहनों की खरीदी पर मिल रही छूट पर लगाई रोक, सुनवाई कल

**रायपुर।** रायपुर में लगे ऑटो एक्सपो में वाहनों की खरीदी पर मिल रही छूट पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। ऑटो एक्सपो में वाहनों की खरीदी पर लाइफटाइम टैक्स पर 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही थी, जिसके खिलाफ याचिका लगाई गई थी, अब मामले की सुनवाई कल यानि कि 31 मार्च को होगी। दरअसल रायपुर में 24 मार्च से 5 अप्रैल तक ऑटोएक्सपो चल रहा है। जिसे लेकर राज्य सरकार ने 23 मार्च को एक नोटिफिकेशन जारी किया, जिसमें रायपुर आरटीओ से जारी ट्रेड सर्टिफिकेट वाले वाहनों की खरीदी पर वाहनों के लाइफटाइम टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट घोषित की गई। जिसे लेकर कोरबा के सत्यदेव ऑटो मोबाइल्स और अंबिकापुर के ऑटोमोबाइल्स संचालक समेत 5 लोगों ने अधिवक्ता राजीव श्रीवास्तव, सौरभ साहू, शशांक ठाकुर और मलय श्रीवास्तव के जरिए याचिका लगाई।

### हिन्दूराष्ट्र बनाने व अंधविश्वास फैलाने वालों पर दर्ज करें राजद्रोह का केस

## गृहसचिव के फर्जी आदेश से मचा हड़कंप




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** सोशल मीडिया पर एक आदेश वायरल होने के बाद छत्तीसगढ़ के गृह विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। दरअसल छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को एक आदेश जारी हुआ है जिसमें हिन्दूराष्ट्र बनाने वाले व अंधविश्वास फैलाने वालों पर राजद्रोह का केस दर्ज करने कहा गया है। यह पत्र छत्तीसगढ़ के गृहविभाग के अवर सचिव मनोज कुमार श्रीवास्तव के नाम पर जारी किया गया। वायरल पत्र की जानकारी मिलते ही मनोज कुमार श्रीवास्तव ने राखी थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस मामले में राखी पुलिस ने धारा 419, 469 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

राखी थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंत्रालय महानदी भवन छत्तीसगढ शासन के गृह विभाग में अवर सचिव मनोज कुमार श्रीवास्तव ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 29 मार्च को शाम करीब 6:27 बजे उन्हें गृह विभाग के सचिव के जरिये सोशल मिडिया वाट्सएप में वायरल हो रहें, एक फर्जी पत्र के बारे में पता चला। यह पत्र समस्त पुलिस अधीक्षक छत्तीसगढ को सम्बोधित करते हुए लिखा गया है।

इस पत्र में विषय कश्मिरी पंडित की तरह पलायन किये कान्यकुंज, सरयुपारिण या अन्य पुजारी ब्राह्मन जो छत्तीसगढ के पुरातात्विक मंदिरों में अनाधिकृत कब्जा कर छत्तीसगढ में हिंदू राष्ट्र बनाने, अंधविश्वास फैलाने वाले कान्यकुंज, सरयुपारिण या अन्य पुजारियों पर राजद्रोह का मामला दर्ज कर कार्रवाई करने की बात लिखी गई है। उक्त पत्र के अंत में मनोज कुमार श्रीवास्तव का नाम व पदनाम व हस्ताक्षर भी दर्ज है। गृह विभाग के अवर सचिव मनोज कुमार श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि वायरल पत्र पूरी तरह से फर्जी है और उन्हें बदनाम करने के लिए इस प्रकार की कूटरचित साजिश की गई है।

### बदनाम करने वाले अज्ञात के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई-मनोज श्रीवास्तव

मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि उन्होंने ऐसा कोई आदेश जारी नहीं किया है। उन्होंने इस प्रकार का फर्जी पत्र तैयार कर छत्तीसगढ़ गृह विभाग को बदनाम करने वाले अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में राखी थाना प्रभारी लक्ष्मी जायसवाल ने कहा कि अवर सचिव मनोज श्रीवास्तव की शिकायत पर धारा 419, 469 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। कूटरचित दस्तावेज सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध कायम कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## 8 माह तक किराए में चलाया जेसीबी माउंटेन, किराए के नाम पर थमा दिया फर्जी चेक, केस दर्ज

श्रीकंचनपथ

**भिलाई।** पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी का अलग तरह का मामला सामने आया है। मरोदा निवासी शख्स ने जेसीबी किराए पर लिया और 8 माह तक चलाया। जब किराया देने की बात सामने आई तो शख्स ने फर्जी चेक थमा दिया जो बाउंस हो गया। इसके बाद भी उसने आधा किराया दिया और आधा दबा दिया। लगातार चक्कर काटने के बाद पीड़ित शख्स ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में पुरानी भिलाई पुलिस ने धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

पुरानी भिलाई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वर्मा मिनरल्स के संचालक शिक्षित नगर चरोदा निवासी मुकेश वर्मा ने अपनी शिकायत में बताया कि उसने जेसीबी 205, माउन्टेन वाहन को गोकुल प्रसाद वर्मा को किराये पर चलाने के लिए 3 अप्रैल 2019 से जनवरी 2020 तक दिया था। इसके किराए के रूप में गोकुल वर्मा ने 17 जनवरी 2020 को 13 लाख 70 हजार रुपए का चेक दिया था। खाते में रकम नही होने के कारण यह चेक बाउंस हो गया। इसके बाद मुकेश वर्मा ने गोकुल वर्मा को बताया तो वह रुपए देने के नाम पर काफी चक्कर कटवाया।

इसके बाद गोकुल वर्मा ने 9 जुलाई 2020 को एग्रीमेंट कर 6 माह के भीतर रकम लौटाने का




इकरारनामा किया है। इसके बाद गोकुल प्रसाद वर्मा ने नगद व चेक के माध्यम से कुल 6 लाख 82 हजार रुपए लौटाए। वहीं शेष रकम 6 लाख 88 हजार रुपए देने में टाल मटोल करने लगा। लगातार रुपए मांगने पर गोकुल वर्मा ने देने से मना कर दिया और धमकाने भी लगा है। अब इस मामले में पुरानी भिलाई पुलिस ने गोकुल वर्मा के खिलाफधोखाधड़ी का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पत्रकारिता विश्वविद्यालयः कुलपति की नियुक्ति पर बवाल, न योग्यता और न ही अनुभव, सर्च कमेटी पर भी उठे सवाल

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में गलत तरीके से कुलपति की नियुक्ति पर हाईकोर्ट ने राज्य शासन, यूजीसी और कुलपति बलदेव भाई शर्मा को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। प्रकरण की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी। याचिका में बताया गया कि सूचना के अधिकार के तहत जुटाई गई जानकारी से पता चला है कि यूनिवर्सिटी के कुलपति बलदेव भाई शर्मा के पास न तो शैक्षणिक योग्यता है और न ही अकादमिक अनुभव। याचिकाकर्ता ने राज्यपाल के अवर सचिव की ओर से जारी कुलपति पद के लिए यूजीसी के प्रावधानों के खिलाफशैक्षणिक अर्हता को भी चुनौती दी है और कहा है कि यूजीसी के मापदंडों को किसी भी प्रकार से बदला नहीं जा सकता है।

ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय के सीनियर प्रोफेसर डा शाहिद अली ने हाईकोर्ट में यह याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि नियुक्ति में यूजीसी रेगुलेशन 2018 के अनिवार्य प्रावधानों का सरासर उल्लंघन किया गया है। याचिका में कोर्ट को बताया गया कि कुलपति बलदेव भाई शर्मा के पास किसी भी विषय की ना तो पीजी डिग्री है और ना ही पीएचडी की वैध उपाधि है। वे विवि में असिस्टेंट प्रोफेसर बनने की न्यूनतम योग्यता भी नहीं रखते हैं।

### कुलपति की नियुक्ति पर बड़ा सवाल


याचिका में कुलपति के पद पर हुई नियुक्ति पर सवाल उठाया गया है। याचिका में कहा गया कि कुलाधिपति की ओर से कुलपति पद की नियुक्ति के लिए सर्च कमेटी बनाई गई थी, जिसके चेयरमैन प्रो. कुलदीप चंद्र अग्निहोत्री थे। सर्च कमेटी ने योग्यता और अनुभव की जांच किए बिना ही बलदेव भाई शर्मा को कुलपति बनाने की अनुशंसा कर दी, जिसके कारण सर्च कमेटी के निर्णय पर भी सवाल है। याचिका में आरटीआई में प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर यह भी सवाल उठाया है कि बलदेव भाई शर्मा ने वर्ष 2017 में ही इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, रेवाड़ी से डाक्टरेट की मानद उपाधि प्राप्त की, जिसका उपयोग किसी अकादमिक कार्य में नहीं किया जा सकता है। लेकिन कुलपति पद के लिए दिए गए आवेदन में इसे अकादमिक योग्यता के रूप में दर्शाया है।

### कोरोना के कारण छिपी रही गड़बड़ी

याचिकाकर्ता के अनुसार बलदेव भाई शर्मा ने पांच मार्च 2020 को कुलपति का पदभार ग्रहण किया और उसके दो हफ्ते बाद लॉकडाउन लग गया। लगभग दो वर्ष कोरोना काल रहा। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर कुलपति ने अपनी शैक्षणिक प्रोफाइल अपलोड नहीं किया था। इसलिए योग्यता और नियुक्ति की सांठगांठ का पता नहीं चला। पिछले एक वर्ष से जब ऑफलाइन और कार्यालय सामान्य होने लगे तो कार्यशैली से आशंका हुई और आरटीआई के माध्यम से तथ्यों का पता चला।

### इस तरह गलत तरीके से नियुक्ति

याचिका के मुताबिक कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में कुलपति पद के लिए 20 सितंबर 2019 को विज्ञापन जारी किया गया था, जिसकी अंतिम तिथि 11 अक्टूबर 2019 तय की गई थी। इस दौरान योग्य उम्मीदवारों से आवेदन मंगाए गए थे। इसके बाद सर्च कमेटी की बैठक राजभवन में 11 नवंबर को संपन्न हुई थी। याचिका के अनुसार यूजीसी रेगुलेशन 2018 के अनुसार विश्वविद्यालय में कम से कम 10 वर्षों के लिए प्रोफेसर के पद का अनुभव, एक प्रतिष्ठित अनुसंधान या शैक्षणिक प्रशासनिक संगठन में शैक्षणिक नेतृत्व के साथ 10 वर्षों के अनुभव सहित एक विशिष्ट शिक्षाविद होना अनिवार्य है। इन सभी नियमों को दरकिनार किया गया।




## जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान

श्रीकंचनपथ




संत कबीर दास जी ने कहा था-जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान। मोल करो तलवार की, पड़ा रहन दो म्यान। अर्थात साधु के ज्ञान और तलवार की धार की ही कीमत होती है। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति की शैक्षणिक अर्हता पर सवाल खड़ा कर एक प्रोफेसर ने बेजा हरकत की है। देश की नई शिक्षा नीति भी कहती है कि व्यक्ति के कार्य-अनुभव को भी बराबर का महत्व दिया जाना चाहिए। देश के राष्ट्रपति सभी विश्वविद्यालयों के कुलाध्यक्ष होते हैं। सभी राज्यपाल अपने प्रदेश के विश्वविद्यालयों के पदेन कुलाधिपति होते हैं। जब इनकी शैक्षणिक योग्यता तय नहीं है तो कुलपति का भी क्यों होना चाहिए। एक वरिष्ठ प्रोफेसर द्वारा अपने ही विश्वविद्यालय के कुलपति की योग्यता को चुनौती देना ही इस बात का अपने आप में सबूत है कि कुछ लोग केवल डिग्रियों के भरोसे हर पद हासिल करना चाहते हैं। नोबेल पुरस्कार जीतने वाले गुरुदेव रविन्द्रनाथ ठाकुर ने स्नातक की पढ़ाई अधूरी छोड़ दी थी। देश के अधिकांश नामचीन पत्रकारों के पास पत्रकारिता की कोई डिग्री नहीं थी। प्रसिद्ध पत्रकार, लेखक, उपन्यासकार और इतिहासकार खुशवंत सिंह ने अपनी अधिकांश शिक्षा तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण की थी। वे एक विधि स्नातक थे। माखनलाल चतुर्वेदी ने अधिकांश शिक्षा घर पर ही प्राप्त की थी। प्रख्यात साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद जब शिक्षक बने तो केवल मैट्रिक पास थे। बाद में उन्होंने कई भाषाओं में बीए किया। नवभारत रायपुर के प्रथम सम्पादक एवं देशबंधु पत्रसमूह के संस्थापक संपादक मायाराम सुरजन भी मुश्किल से स्नातक की शिक्षा तक पहुंचे थे। नवभारत के प्रबंध संपादक बबन प्रसाद मिश्र भी स्नातक ही थे। हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू और पंजाबी में समान दखल रखने वाले पत्रकार रमेश नैय्यर भी करियर के आरंभ में स्नातक ही थे। रायपुर में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने दो विषयों में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। जाहिर है कि सफलता का उच्च शिक्षा से सीधा संबंध नहीं है। यही बात उन लुहारों के लिए भी कही जा सकती है जिन्होंने सारनाथ का स्तंभ बनाया। उन दिनों मेटलर्जी की पढ़ाई नहीं होती थी। यही बात ताजमहल बनाने वाले वास्तुकारों के बारे में कही जा सकती है जिनके पास आर्किटेक्चर की डिग्री नहीं थी। कुछ लोग स्कूल कालेज जाकर भी नहीं सीख पाते और कोई अपने अनुभवों से ही सीखता चला जाता है। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति के पास भले ही उच्च शैक्षणिक योग्यता न हो पर उन्होंने लगभग चार दशक तक देश के प्रमुख अखबारों में संपादकीय दायित्वों का निर्वहन किया है। वे नेशनल बुक ट्रस्ट के चेयरमैन रहे हैं। पत्रकारों और पत्रकारिता की पढ़ाई को दिशा देने में वे किसी भी डिग्री प्राप्त पत्रकार से अधिक समर्थ हैं। विश्वविद्यालय में वैसे भी सर्वोच्च प्रशासकीय पद कुलसचिव का होता है। कुलपति की भूमिका केवल एक मार्गदर्शक की होती है। इसके लिए डिग्री से कहीं ज्यादा जरूरी उसका निजी अनुभव होता है।



## संपादकीय

### कर्नाटक का चुनाव

चुनाव आयोग ने कर्नाटक विधानसभा चुनावों की घोषणा कर दी है। 224 सदस्यीय विधानसभा के लिए 10 मई को वोट डाले जाएंगे और 13 मई को मतगणना होगी। दक्षिण के राज्यों की एक सिफत यह भी है और यकीनन वहां के लोगों की राजनीतिक परिपक्वता का परिचायक भी कि इसके बड़े सूबों में भी चुनाव अमूमन एक चरण में कराने में चुनाव आयोग को कठिनाई पेश नहीं आती और परिणाम के लिए राज्य के लोगों को लंबा इंतजार नहीं करना पड़ता। कई चरणों में चुनाव और मतदान-मतगणना के बीच ज्यादा लंबा अंतराल न सिर्फ अनिश्चितता की अवधि को विस्तार देता है; कार्यपालिका की गति को उन दिनों में शिथिल करता है, बल्कि सामाजिक तनाव भी बढ़ता है। यूं तो कर्नाटक विधानसभा चुनाव अपने नियत समय पर हो रहा है, मगर जिस राष्ट्रीय राजनीतिक पृष्ठभूमि में यह होने जा रहा है, उसने इसके महत्व को अखिल भारतीय बना दिया है, क्योंकि यह अगले आम चुनाव के चुनावी वर्ष की पहली बड़ी सियासी परीक्षा है। कर्नाटक के चुनाव भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस, दोनों के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। यह दक्षिण का एकमात्र बड़ा सूबा है, जहां न सिर्फ भाजपा की अपनी सरकार है, बल्कि दक्षिण भारत के उसके ज्यादातर लोकसभा सदस्य इसी प्रदेश से चुनकर आते रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ यह उन मल्लिकार्जुन खड़गे का गृह प्रदेश भी है, जिन्हें कांग्रेस ने अपना नया अध्यक्ष मुंतखिब किया है। इसलिए ये दोनों पार्टियां पूरे दमखम से मैदान में हैं और चुनाव तिथि की घोषणा से काफी पहले से जमीनी स्तर पर इनके कार्यकर्ता जुट चुके हैं। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले तीन महीने में कर्नाटक के कई दौरे कर चुके हैं। राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद यह किसी भी दक्षिण भारतीय प्रदेश का पहला विधानसभा चुनाव है, तो इसमें इसके असर की भी परीक्षा होगी। जाहिर है, ये दोनों राष्ट्रीय पार्टियां चाहेंगी कि जनादेश उनके पक्ष में आए, ताकि इसके संदेश को लेकर वे लोकसभा चुनाव का अपना माहौल तैयार कर सकें। मगर इस केंद्रीय राजनीतिक रणनीति का नुकसान यह है कि स्थानीय मुद्दे हाशिये पर चले जाएंगे। दक्षिणी राज्य अपेक्षाकृत समृद्ध रहे हैं और कर्नाटक तो उनमें भी एक अग्रणी राज्य है। मगर पिछले दिनों जिस तरह से वहां धार्मिक ध्रुवीकरण की कोशिशें तेज हुईं, उनसे इसकी प्रगतिशील छवि को नुकसान पहुंचा है। एकाधिक बड़े उद्यमियों तक को सियासी संगठनों व राज्य सरकार को आगाह करना पड़ा था कि प्रदेश की औद्योगिक प्रगति के लिए तनाव की स्थिति न बनने दी जाए। महाराष्ट्र के साथ सीमा-विवाद तो इस हद तक चला गया था कि दोनों जगह भाजपा की सरकार होने के बावजूद दोनों विधानसभाओं ने एक-दूसरे के खिलाफ प्रस्ताव तक पारित कर डाले थे। बहरहाल, कांग्रेस जहां भ्रष्टाचार और महंगाई को अपना मुख्य चुनावी मुद्दा बना रही है, तो वहीं भारतीय जनता पार्टी विकास और आरक्षण के अलावा डबल इंजन के लाभ के साथ मैदान में है। हालांकि, भाजपा और कांग्रेस की आर-पार की इस लड़ाई में जनता दल (सेकुलर) क्या रणनीति अपनाती है, यह भी देखने वाली बात है। पिछली बार खंडित जनादेश ने इस प्रदेश को एक लंबे समय तक राजनीतिक अस्थिरता का शिकार बनाए रखा था। ऐसे में, इस बार का चुनाव सिर्फ यहां के नेताओं और राजनीतिक दलों की ही परीक्षा नहीं लेगा, बल्कि इसमें कर्नाटक के मतदाताओं का भी इम्तिहान होगा।

> " राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद यह किसी भी दक्षिण भारतीय प्रदेश का पहला विधानसभा चुनाव है, तो इसमें इसके असर की भी परीक्षा होगी। जाहिर है, ये दोनों राष्ट्रीय पार्टियां चाहेंगी कि जनादेश उनके पक्ष में आए, ताकि इसके संदेश को लेकर वे लोकसभा चुनाव का अपना माहौल तैयार कर सकें। मगर इस केंद्रीय राजनीतिक रणनीति का नुकसान यह है कि स्थानीय मुद्दे हाशिये पर चले जाएंगे।

## 2024 में भारत बिना विपक्ष का दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र?

सन् 2024 भारत का टर्निंग प्वाइंट है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बिना विपक्ष के होगा। नोट रखें मेरी इस बात को कि सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष निपटेगा। पार्टियों के बोर्ड होंगे मगर दुकान खाली। 2024 का चुनाव अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल और नीतीश कुमार का आखिरी लोकसभा चुनाव होगा। मतलब यह कि मई 2024 के आम चुनाव के बाद सपा, तृणमूल, आप, जदयू जिंदा तो रहेंगे मगर कम्युनिस्ट पार्टियों, रिपब्लिकन पार्टी व बसपा जैसी हैसियत में। ये क्षत्रप 2024 से 2029 के बीच में प्रादेशिक वजूद भी पूरी तरह गंवा बैठेंगे। नेता मुकद्मों और जेल में फंसे होंगे। सवाल है कैसे यह संभव?

सर्वप्रथम नोट करें कि सन् 2024 का आम चुनाव मोदी का आखिरी चुनाव है। इस चुनाव और उसके बाद के पांच साला कार्यकाल में हिंदू राजनीति अमित शाह-योगी की जमीन बनाने पर फोकस करेगी। करिश्मे के बाद भी सत्ता-पक्षी स्थायी रहे इसके लिए विपक्ष को खत्म करने का मिशन। इसमें यूपी, बिहार, बंगाल के 60 प्रतिशत हिंदू वोटों को भगवा में रंगने की प्राथमिकता नंबर एक पर। ध्यान रहे 2019 में भाजपा ने 13 प्रदेशों में कुल वोटों में 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट पाए थे। इस लिस्ट पर गौर करें- हिमाचल, गुजरात और उत्तराखंड में भाजपा को क्रमशः 69 प्रतिशत, 62 प्रतिशत और 61 प्रतिशत वोट मिले थे। झारखंड राजस्थान, मध्य प्रदेश अरूणाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली के छह राज्यों में भाजपा को 57 से 59 प्रतिशत के बीच वोट मिले। फिर तीसरी कैटेगरी के चार राज्यों छतीसगढ़, कर्नाटक, गोवा, चंडीगढ़ में हर जगह भाजपा के 51 प्रतिशत वोट थे। उत्तर प्रदेश में भाजपा के पचास फीसदी वोट थे। इन 13 राज्यों की 273 सीटों में से भाजपा ने 243 सीटें जीतीं।

बिहार और बंगाल का जहां सवाल है तो बिहार की मौजूदा राजनीति में यदि जनता दल यू के वोटों को अलग रखें तो भाजपा और पासवान पार्टी के साझे में तब 32 प्रतिशत वोट थे। दोनों की 23 सीटें हैं। जनता दल यू का वोट तब 22 प्रतिशत था। उधर बंगाल में भाजपा को 2019 के लोकसभा चुनाव में 41 प्रतिशत वोट और 18 सीटें मिली थीं।

कुल मिलाकर इन पंद्रह राज्यों की 355 लोकसभा सीटों में भाजपा के पास अभी 284 सीटें हैं। इसे अधिकतम कह सकते हैं। अपनी जगह बात ठीक है। पर सोचें, कि सन् 2024 में यदि यही रिजल्ट रहा तब अखिलेश, ममता, केजरीवाल और नीतीश कुमार के लिए क्या बचेगा? उनके लिए आगे क्या बचेगा? फिलहाल मैं कांग्रेस को अलग रख रहा हूं। मगर हां, यह भी तय मानें सीट जीतने की बात तो दूर कांग्रेस भी इन प्रदेशों में पुराना वोट आधार भी गंवाएगी। इसलिए क्योंकि आम आदमी पार्टी कई राज्यों में उसके वोट वैसे ही खाएगी जैसे उसने गुजरात और गोवा में खाए।

बहरहाल फिलहाल मुद्दा 2024 में इन 15 राज्यों में मोदी की हवा और भाजपा की इलेक्शनरिंग के जादू का है। विपक्ष के मिटने का है। बंगाल, बिहार, यूपी, पंजाब, दिल्ली ये वे पांच राज्य हैं, जिसमें भाजपा को वोट और सीट दोनों बढ़ानी है ताकि केजरीवाल, ममता, नीतीश, अखिलेश का झंझट आगे के लिए हमेशा खत्म हो। दक्षिण के राज्यों में यह आसान नहीं है। पर इन राज्यों में है। भाजपा अपने मकसद को दो तरीकों से साधेगी। एक, हिंदू वोटों (खास तौर पर पिछड़े और लाभार्थी) में 65-70 प्रतिशत लोगों की गोलबंदी से। मसलन पंजाब में यदि 38 प्रतिशत हिंदू हैं तो खालिस्तानी हल्ले में हिंदुओं को पूरी तरह भगवा बना डालना। इससे कांग्रेस, अकाली, आप चुनाव में सिख वोटों में परस्पर लड़ती-भिड़ती होगी वही प्रदेश की 13 सीटों में भी भाजपा अकेले या कुछ परोक्ष तालमेल से सीटें जीत लेगी। कांग्रेस और आप दोनों आपस में लड़ कर ही निपटेंगे।

> " राम के नाम के आशय बहुत गहरे हैं। जब हम यह नाम हम लेते हैं, तो हममें एक विनम्रता आती है, हमारा व्यवहार-विचार निर्मल होता है। यदि हम राम को मर्यादा पुरुषोत्तम मानते हैं, जो वह हैं, तो उसका क्या अर्थ है? उसका अर्थ यही है कि इस नाम में जो मर्यादा छिपी हुई है, उसका हम बार-बार स्मरण करते हैं। यह जो स्मरण करना है राम के प्रसंग से बहुत सारी चीजों का, बताता है कि इस देश ने उनसे क्या सीखा है, मन और कंठ में कैसे बसाया है!

# जब राम ने सबको प्रणाम किया

प्रयाग शुक्ल, कवि और कला मर्मज्ञ

यूरोप में यह माना जाता है कि आधुनिकता का जन्म तब हुआ, जब सामने से चला आ रहा व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को बिना कुछ बोले या बिना अभिवादन किए सामने से निकल गया। समाज इतना स्वार्थी हो गया कि अभिवादन की आवश्यकता नहीं रह गई। हमारे पारंपरिक देश भारत में ऐसा नहीं है। आज भी बहुत लोग मिलते हैं, तो परस्पर राम-राम करते ही हैं। बहुत सारे गांवों में यह संस्कृति जीवित है। ट्रेन, बस यात्राओं के दौरान बहुत से लोग आज भी आपको अनजान लोगों को राम-राम कहते मिल जाएंगे। आम अभिवादन के लिए इस नाम का सहज चयन मर्यादा पुरुषोत्तम राम के चरित्र के अनुरूप है। यह नाम कथित आधुनिकता व स्वार्थ की जड़ता को अपने उच्चारण मात्र से तोड़ देता है। हमारे पारंपरिक नगरों में कोई साधु या याचक अचानक कहीं से प्रकट होता है और जय राम जी कहकर हमें जगा देता है। तुलसीदास जी लिखते हैं-

राम प्रनाम कीन्ह सब काहू। मुदित भए लहि लोयन लाहू।।

देहिं असीस परम सुखु पाई। फिरे सराहत सुंदरताई।।

यहां स्वयं रामजी प्रयाग निवासियों का अभिवादन कर रहे हैं। असर यह हो रहा है कि रामजी को ऐसे देखकर सभी आनंदित हो रहे हैं, परमसुख पाकर आशीर्वाद दे रहे हैं और राम की सराहना करते लौट रहे हैं। रामजी के प्रणाम करने मात्र से जो समाज निर्मित हो रहा है, वह कितना सुंदर है!

इस शब्द की ध्वनि ऐसी है कि वह जल्द ही हृदय में उतर जाती है और वह आपको बहुत भली लगती है। राम से हमारा सदा ही सखा का भाव रहा है। राम के जो रूप हमारे नए ग्रंथों में आते हैं, वे भी अद्भुत हैं। मैथिलीशरण गुप्त के यहां साकेत में राम का जो रूप है, वह बहुत प्रभावी है। यहां राम मानो अपना मन खोलकर रख देते हैं -

भव में नव वैभव व्याप्त कराने आया,
नर को ईश्वरता प्राप्त कराने आया।
संदेश यहां मैं नहीं स्वर्ग का लाया।
इस भूतल को ही स्वर्ग बनाने आया।

असल में, राम का जो नाम है और उसमें जो सहज निहित विनम्रता है, वह बड़े काम की रही है। दुर्भाग्यवश आज समाज में विनम्रता-भाव में कमी आई है। वस्तुतः हम राम का नाम इतनी विनम्रता से यूं ही नहीं लेते, राम अतुलनीय रूप से विनम्र हैं। उनमें कहीं अहंकार नहीं है, कहीं ईर्ष्यादोष नहीं है। तुलसीदास ने तो रामजी के इन गुणों का बार-बार सुंदरता से वर्णन किया है। मैथिलीशरण गुप्त ने यह अकारण नहीं लिखा है- राम तुम्हारा चरित स्वयं ही काव्य है/ कोई कवि बन जाए सहज संभाव्य है।



राम के नाम के आशय बहुत गहरे हैं। जब हम यह नाम लेते हैं, तो हममें एक विनम्रता आती है, हमारा व्यवहार-विचार निर्मल होता है। यदि हम राम को मर्यादा पुरुषोत्तम मानते हैं, जो वह हैं, तो उसका क्या अर्थ है? उसका अर्थ यही है कि इस नाम में जो मर्यादा छिपी हुई है, उसका हम बार-बार स्मरण करते हैं। यह जो स्मरण करना है राम के प्रसंग से बहुत सारी चीजों का, बताता है कि इस देश ने उनसे क्या सीखा है, मन और कंठ में कैसे बसाया है!

एक स्पेनी लेखक थे, उनसे किसी ने पूछा कि आप पर किन-किन लेखकों-कवियों और चीजों का प्रभाव है? यह आमतौर पर लेखकों से पूछा जाता है। इस प्रश्न का उस लेखक ने बड़ा सुंदर उत्तर दिया कि जब से स्पेनिश भाषा बनी है, तब से इसमें किसी ने जो कुछ कहा है, लिखा है, उन सबका प्रभाव मेरे ऊपर है। यह बात हम सभी सोचने-लिखने-पढ़ने वाले भारतीयों पर भी लागू होती है। इसमें कोई संदेह नहीं कि इस देश में रामचर्चा अथाह हुई है। राम का नाम हमारी हिंदी में ही नहीं, बल्कि तमाम भारतीय भाषाओं में बहुत तरह से बोला, गाया, लिखा गया है।

राम को हर दौर में देखा और सोचा गया है। हम लोगों के दौर में साकेत का बहुत प्रभाव था। गांधी, लोहिया ने भी राम पर विचार किया। राम यदि मात्र पौराणिक चरित्र थे, तब भी वह हमारे जीवन में उतर गए हैं। शिव थे या नहीं, यह प्रासंगिक नहीं है, पर वह आज हैं, क्योंकि हमने उन्हें गढ़ा है और अब वह हमारे साथ रहते हैं, हर जगह, हर पल। लोक ने राम, कृष्ण को गढ़ा है, ऐसा राम मनोहर लोहिया भी मानते थे। यदि लोक ने भी गढ़ा है, तो एक ही रूप में नहीं गढ़ा है। ऐसा नहीं है कि राम केवल राजा हैं। वह पुत्र हैं, भाई हैं, पति हैं, पिता हैं और सबसे बढ़कर सखा हैं।

राम कभी अकेले नहीं रहते। राम के साथ जो युग्म बने हैं, वे अतुल्य हैं- राम-लक्ष्मण, राम-लखन, सीता-राम, राम-कृष्ण इत्यादि। राम के बिना सीता या सीता के बिना राम की पूर्णता नहीं होती। अतः हमें राम का एकआयामी रूप बनाने से बचना चाहिए। राम को तमाम रूपों-स्वरूपों में उपलब्ध रहने दीजिए। यह आग्रह हमें करना चाहिए, क्योंकि यह आग्रह कम हुआ है। जयश्रीराम कहना गलत नहीं है, लेकिन सीताराम या सियाराम कहने के अर्थ-भाव अलग हैं।

यह सच्चाई है कि अब राम को आक्रामक व्यक्ति के रूप में भी चित्रित किया जा रहा है। उनके परमसेवक हनुमान की भी क्रोधित छवियां नजर आने लगी हैं। क्या हमें आज विनम्रता की ज्यादा जरूरत नहीं है?

लोक-स्वरूप या लोक-छवियों वाले राम को बचाए रखना होगा। हमें यह भी सुनना होगा कि राम को हमारी संस्कृति ने कैसे गाया है। लोक-गायिकी तो बिना राम के चल ही नहीं सकती। पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक राम व्याप्त हैं। लक्ष्मणाचार्य द्वारा संयोजित नाम रामायण के पदों को एम एस सुब्बुलक्ष्मी ने अद्भुत गाया है, शुद्ध ब्रह्म परात्पर राम/ कालात्मक परमेश्वर राम/ शेष तल्प सुख निद्रित राम...।

कितना सुंदर लिखा है कि ब्रह्म का सार राम हैं। विध्वंसक का सार राम हैं। शेषनाग पर शयन करने वाले, जिनकी ब्रह्मा और अन्य देव भी आराधना करते हैं। राम, जिनका जन्म सूर्यवंश में हुआ था। राम, जो दशरथ के आनंद के स्रोत हैं। राम, जिन्होंने कौशल्या के जीवन को बहुत सुखी बना दिया। राम, जो विश्वामित्र के सबसे प्रिय कोश हैं। ऐसे राम को ही लोग पूजते हैं।

राम के यहां बहाव है। वह महल भी जाते हैं, वन भी, आश्रमों में जाते हैं, तो युद्धभूमि में भी उतरते हैं। वह हमें कर्म और कर्तव्य के अनुरूप जीवन का संदेश देते हैं। राम कभी नहीं लड़ाते, सतत सबको जोड़ते हैं, इसलिए वह ज्यादा याद किए जाते हैं।


**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# ऐसी कोशिशों से तो एक जगह नहीं आएंगे सरकारी आंकड़े

प्रमीत भट्टाचार्य, वरिष्ठ पत्रकार

अपने देश में पिछले कुछ वर्षों से आधिकारिक डेटा को सार्वजनिक करने की मांग बढ़ती जा रही है। 1990 के दशक में ऐसा करने का प्रयास भारतीय रिजर्व बैंक और केंद्रीय योजना मंत्रालय ने किया था। 2000 के दशक की शुरुआत में रिजर्व बैंक अपने विभागों के डेटाबेस को एक साथ लाने में सफल भी रहा और ऐसा करने वाला वह दुनिया के चंद बैंकों में शुमार हो गया। उधर, योजना मंत्रालय का मकसद केंद्र सरकार के सभी आधिकारिक आंकड़ों को एक मंच पर लाना था। इसके तहत सांख्यिकी विभाग (विलय के बाद सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय) ने 1999 में एक केंद्रीकृत डेटा भंडार की स्थापना का एलान किया था। मगर रिजर्व बैंक की परियोजना के विपरीत यह पहल परवान न चढ़ सकी और बाद में इससे हाथ खींच लिया गया। आंकड़ों तक जनता की पहुंच आसान बनाने के लिए 2010 की शुरुआत में नए सिरे से फिर प्रयास शुरू किया गया। इस बार एक नई नीति बनाने की जिम्मेदारी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने संभाली।

राष्ट्रीय डेटा साझाकरण और अभिगम्यता नीति (एनडीएसएपी) में डेटा-सेट ऑनलाइन साझा करने को लेकर प्रावधान तय किए गए और एक नए 'डेटा वेयरहाउस' बनाने की भूमिका तैयार की गई। इसका नतीजा के रूप में निकला, जो सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (इसका विलय अब इलेक्ट्रॉनिक एंव सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में कर दिया गया है) की मदद से बनाया गया था। मगर यह भी लोगों की जरूरतों को पूरा करने में विफल रहा। दरअसल, एनडीएसएपी के तहत सभी विभागों को अपने यहां डेटा अधिकारियों की नियुक्ति करनी थी, जो डेटा-सेट की सूची बनाते और उनको सार्वजनिक उपयोग के लिए जारी करते। मगर बहुत कम विभागों ने इन दिशा-निर्देशों पर अमल करने की जहमत उठाई।



जाहिर है, भारत में आंकड़ों को एकत्र करने का उतार-चढ़ाव वाला इतिहास बताता है कि जब तक राज्य सरकारों सहित तमाम प्रमुख हितधारकों की सहभागिता नहीं होगी, यह प्रयास सफल नहीं हो सकता। इतना ही नहीं, इसमें आईटी पेशेवरों को सांख्यिकीविदों के साथ मिलकर काम करने की जरूरत होगी। डेटा गुणवत्ता तंत्र यदि बेहतर तरीके से काम करेगा, तभी डेटा पोर्टल कहीं अधिक अपनी उपयोगिता साबित कर सकेगा। रंगराजन आयोग ने साल 2001 में ही सांख्यिकीय ऑडिट के लिए एक स्थायी तंत्र बनाने का सुझाव दिया था। गुणवत्ता प्रमाणन तंत्र के अभाव में लोग डेटा का उपयोग करते समय अपनी समझ के मुताबिक उसकी गुणवत्ता, कवरेज और सटीकता का अनुमान लगाते हैं। इसका स्पष्ट अर्थ है कि डेटा पारिस्थितिकी तंत्र को पारदर्शी व व्यवस्थित बनाने के लिए तमाम मंत्रालयों व एजेंसियों को मिलकर एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना होगा।

हालांकि, इस मामले में अधिकार क्षेत्र का मसला जनहित पर भारी पड़ सकता है। दोनों मंत्रालयों (सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय) ने डेटा भंडार की अलग-अलग योजनाओं की घोषणा की है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने 2019 में राष्ट्रीय एकीकृत सूचना प्लेटफॉर्म (एनआईआईपी) लॉन्च किया, तो वहीं इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने पिछले साल 'इंडिया डेटासेट्स' प्लेटफॉर्म बनाने की घोषणा की है। यह मंत्रालय भारत डेटा प्रबंधन कार्यालय (आईडीएमओ) बनाना चाहता है, जो 'इंडिया डेटासेट्स' पोर्टल का प्रबंधन करेगा। मगर गुणवत्ता जांच की उपयोगकर्ताओं की पुरानी मांग पूरी करने में अब भी मुश्किलें हो सकती हैं।

नीति आयोग चाहता, तो इन दोनों मंत्रालयों को समान लक्ष्य पर काम करने के लिए एक साथ ला सकता था, लेकिन वह खुद निजी क्षेत्र के सहारे एक डेटा प्लेटफॉर्म बनाने की ओर बढ़ गया, जिसके कारण पिछले साल नेशनल डेटा एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म (एनडीएपी) लॉन्च किया गया। साफ है, भारत के सांख्यिकी तंत्र की प्रमुख कमजोरी इसकी खंडित प्रकृति रही है। दुखद यह है कि डेटा को एक मंच पर लाने का आधिकारिक प्रयास भी बिखरा-बिखरा-सा ही है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# पुतिन-जिनपिंग की नई वैश्विक व्यवस्था के मंसूबे

जी. पार्थसारथी

अमेरिका और इसके पश्चिमी सहयोगी मुल्कों को आस और विश्वास है कि पुतिन-जिनपिंग शिखर वार्ता से ज्यादा कुछ हासिल नहीं होने वाला। मास्को शिखर वार्ता में रूस और चीन ने दोनों देशों को अमेरिका के नेतृत्व वाली वैश्विक व्यवस्था से दरपेश चुनौतियों से निपटने के लिए बृहद योजना पर विमर्श किया। अमेरिका और उसके यूरोपियन सहयोगी यूक्रेन पर रूसी चढ़ाई के बाद से उस पर प्रतिबंध लगाने की मांग बार-बार कर रहे हैं।

कुछ पश्चिमी देशों ने यह अयथार्थवादी आस भी प्रकट की थी कि उनकी 'यूक्रेन योजना' में चीन भी मदद करेगा और रूस को यूक्रेन से बाहर निकलने के लिए मना लेगा। लेकिन यह उम्मीदें अब बिखर चुकी हैं। रूस-चीन संयुक्त घोषणापत्र में बाकायदा कहा गया है कि अमेरिका और इसके सहयोगियों को सभी मुल्कों की सुरक्षा संबंधी चिंताओं की कद्र करनी होगी, साथ ही जोड़ा कि संघर्ष से बचा जाना चाहिए। रूस और चीन ने जोर देते हुए कहा कि एक समस्याओं का स्थिर निदान निकालने के लिए 'जिम्मेवाराना संवाद' सबसे बेहतर तरीका है। उन्होंने यह भी कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी को प्रासंगिक रचनात्मक प्रयासों की सहायता करनी चाहिए।

वास्तव में यह घोषणा सभी पक्षों से ऐसे काम बंद करने का आह्वान करती है जिनसे तनाव बढ़ता हो, ताकि किसी संकट को और गहराने या हाथ से बाहर निकलने से बचाया जा सके। घोषणापत्र का निष्कर्ष है कि चीन और रूस तमाम एकतरफा प्रतिबंध, जिन्हें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से मंजूरी नहीं मिली, उनका पुरजोर विरोध करते हैं। अमेरिका ने खोजी पत्रकार सैमूर हर्ष द्वारा लगाए इन इल्जामों को खारिज किया है कि रूस से जर्मनी को गैस ले जाने वाली और समुद्र सतह पर बिछी 'बेक्सी' गैस-पाइपलाइन को (जिसे नॉर्थस्ट्रीम भी कहा जाता है) विस्फोट से उड़ाने के पीछे उसका हाथ है।

रूस और चीन ने दोटूक कहा 'भू-राजनीतिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए किसी दूसरे मुल्क के अंदरूनी मामलों में दखल के लिए अतिवाद का झंडा बुलंद करवाना और आतंकी एवं अतिवादी गुटों का इस्तेमाल करना बंद हो।' साथ ही यह मांग भी की है 'बेक्सी पाइपलाइन विस्फोट की जांच के लिए एक ईमानदार, निष्पक्ष और व्यावसायिक जांच हो।' यह बात अमेरिका और जर्मनी के लिए मुश्किल खड़ी करने वाली है, खासकर अंतर्राष्ट्रीय कानून की



इज्जत करने में उच्च मूल्यों का पालन करने वाले जर्मनी के लिए- अगर वे यह दावा करते हैं कि उन्हें नहीं मालूम कि अंतर्राष्ट्रीय कानून को धता बताकर किसने जर्मनी के लिए बहुत महत्व रखने वाली गैस-पाइपलाइन को उड़ाया है। सबसे अहम, रूस और चीन का यह कहना कि 'सभी मुल्कों की वैध सुरक्षा चिंताओं की कद्र होनी चाहिए, और आग में घी डालकर दो पक्षों में तनातनी नहीं बढ़ानी चाहिए', इससे अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी की इन आकांक्षाओं और उम्मीदों पर पानी फिरा है कि चीन रूस को यूक्रेन पर लचीलापन अपनाने के लिए मना लेगा।

यूक्रेन के मामले में चीन ने रूसी रवैये को यह कहकर तगड़ा समर्थन दिया है कि समस्याएं सुलझाने के लिए सबसे बढ़िया रास्ता जिम्मेवाराना संवाद है। सबसे महत्वपूर्ण, चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस का साथ देने का भरोसा दिया है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि 'संघर्ष को हवा देने वाले पक्ष तमाम वह काम बंद हों जिनसे तनाव बढ़ता है और युद्ध लंबा न खिंच पाए।' पुतिन अपने चीनी मेहमान से इससे ज्यादा की अपेक्षा नहीं रख सकते थे। अब देखना यह है कि क्या चीन को वह सैन्य साजो-सामान देगा, जिसकी उसे जरूरत है। इस घटनाक्रम से जिन देशों को सबसे अधिक चिंता होगी वे हैं, अमेरिका और इसके नाटो सहयोगी। रूस यूक्रेन पर अपनी कार्रवाई पर अब चीन की मदद लेकर निश्चिंत है।

चीन और रूस ने यह संकेत भी दिया है कि उन्हें पश्चिमी देशों द्वारा लगाए जाने वाले एकतरफा प्रतिबंधों की जरा परवाह नहीं। अब राष्ट्रपति जेलेंस्की और अमेरिका को इस हकीकत के मद्देनज़र पुनर्विचार करना पड़ेगा कि रूस उस क्रीमिया में अपने सामरिक हित बरकरार रखना चाहता है, जो तीन सदियों से ज्यादा उसके नियंत्रण में रहा था और साथ ही पूरबी यूक्रेन में बसे रूसी भाषी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को दृढ़संकल्प है। पुतिन-जिनपिंग घोषणापत्र में इन दोनों की ओर स्पष्ट है कि वे एक-दूसरे के सुरक्षा हितों को बचाये रखने में साथ खड़े होने को तत्पर हैं। हालांकि घोषणापत्र में कुछ विषयों पर भारत का भी जिक्र आया है लेकिन ऐसा कुछ नहीं जिस पर भारत को आपत्ति हो। अब यह उभरकर आया है कि अमेरिका और इसके नाटो सहयोगियों से निपटना रूस-चीन का साझा हित है। गौरतलब है कि चीन भारत का सकारात्मक रूप से जिक्र करने से बचा है। चीन के लगातार बढ़ते घमंड की जरा भी जानकारी रखने वाले किसी शख्स को हैरानी नहीं होगी कि वह अपनी आर्थिक और सैन्य ताकत के बूते दुनिया में अपनी मान्यता बतौर एक वैश्विक शक्ति होने की हसरत रखता है।

इसके अलावा, चीन का काफी ध्यान तेल संपन्न खाड़ी क्षेत्र में रूस के साथ मिलकर संयुक्त सुरक्षा तंत्र बनाने की तरफ है। चीन और रूस इसको लेकर भी काफी खुश हैं कि बाइडेन प्रशासन की अनाड़ी कूटनीति के चलते वे ईरान और सऊदी अरब के बीच दोस्ती प्रक्रिया बनवाने में सफल रहे हैं। इसी किस्म का सामान्य दोस्ताना रिश्ता वे सीरिया और सऊदी अरब के बीच बनवाने के भी इच्छुक हैं। इस घटनाक्रम के नतीजे ने खाड़ी क्षेत्र में तगड़ी रूस-चीन उपस्थिति बना दी है और अब वे इस तेल संपन्न इलाके में संयुक्त सुरक्षा तंत्र बनाने को दृढ़निश्चयी हैं।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




# राज्य में रायपुर मोतियाबिंद के बैकलॉग से मुक्त जिला घोषित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आज यहां कलेक्टोरेट के रेडक्रास सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक लेकर स्वास्थ्य अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।उन्होंने जिले में 15 वें वित्त के तहत जिले में स्वीकृत शहरी हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर की प्रगति की समीक्षा की।

निर्माणाधीन स्वास्थ्य केंद्र के भवनों को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत विभिन्न पदों पर भर्ती



की प्रक्रिया को पूर्ण करने कहा।बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश छिकारा, सहायक कलेक्टर श्री जयंत नाहटा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश चौधरी सहित अन्य चिक्तिसा अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में उन्होंने मातृ स्वास्थ्य की समीक्षा करते हुए चिरायु टीम को गंभीर बीमारी से ग्रसित बच्चो का पूर्ण इलाज करने के निर्देश दिए।इसी तरह श्रवण बाधित,दृष्टि बाधित और हृदय रोग से पीड़ित बच्चो का निरीक्षण और परीक्षण तथा समुचित इलाज का प्रबंधन शिक्षा विभाग,महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण समन्वय बना कर करें।उन्होंने संस्थागत प्रसव में प्रगति लाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो में डिलीवरी प्वाइंट बढ़ाने को कहा।स्वास्थ्य केन्द्रो में कम प्रसव पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आगामी माह में सुधार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारी को इस संबंध में स्वास्थ्य केन्द्रो की संस्थावार समीक्षा कर प्रगति लाने को कहा।

समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने आर.बी.एस.के. कार्यक्रम के तहत टीम को कार्य योजना के अनुरूप ही स्कूल का भ्रमण करने एवं स्क्रीन किये गये बच्चों का शत् प्रतिशत पोर्टल में एन्ट्री अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्क्रीनिंग के दौरान ऐसे बच्चें जिनकी दृष्टि कमजोर है, उन्हें अनिवार्य रूप से चश्मा उपलब्ध कराने की बात कही।इसी तरह प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो में आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में आने वाले सभी महिलाओं को सोनोग्राफी का लाभ मिले जिनका अभी तक एक भी सोनोग्राफी नही किया गया है।गर्भवती महिलाओं को 16 सप्ताह के भीतर कम से कम एक बार सोनोग्राफी करने के निर्देश दिए।रायपुर को राज्य में मोतियाबिंद के कारण अंधेपन के बैकलॉग से मुक्त जिला घोषित किया गया है।इसके लिए केंद्र को रायपुर जिला को मोतियाबिंद बैकलॉग मुक्त जिला घोषित करने प्रस्ताव भेजा गया है। बैठक में मुख्यमंत्री हॉट बाजार योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक हॉट बाजार में मरीजो की औसत संख्या बढ़ाया जाए।इसी तरह जननी सुरक्षा योजना के हितग्राहियों का समय पर भुगतान, परिवार कल्याण कार्यक्रम के लक्ष्य,जन आरोग्य योजना डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना सहित अन्य योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई।

## खास खबर

### भारत विकास परिषद् देगा 9 अप्रैल को विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क कैरियर मार्गदर्शन

**कोरबा।** भारत विकास परिषद् द्वारा विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन 9 अप्रैल रविवार को राजीव इनडोर ऑडिटोरियम (इंदिरा गांधी स्टेडियम) में किया जाएगा। इस कार्यशाला में अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए भारत विकास परिषद् कोरबा के जिला अध्यक्ष महेश गुप्ता ने बताया कि हाईस्कूल परीक्षा पास करने के पश्चात् छात्र-छात्राओं में भविष्य के लिए कैरियर चुनने में असमंजस की स्थिति रहती है। वे साइंस, कॉमर्स, फिजिक्स, आर्ट्स सहित अन्य कोर्स को लेकर असमंजस में रहते हैं। लगभग यही स्थिति छात्र-छात्राओं के अभिभावकों की भी रहती है। चूंकि हाईस्कूल के बाद ही कैरियर की प्रारंभिक श्रेणी में छात्र-छात्रा कदम रखते हैं, यही से उनका भविष्य तय होता है, इसलिए इस स्तर पर कैरियर का सही मार्गदर्शन छात्रों का भविष्य गढ़ सकता है।

### 1 अप्रैल को आयोजित होगा गुड मॉर्निंग राजनांदगांव

**राजनांदगांव।** गुड मॉर्निंग राजनांदगांव का आयोजन शनिवार 1 अप्रैल 2023 को राजनांदगांव के पुष्प वाटिका में सुबह 7 बजे से आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण के तत्वावधान में आयोजित गुड मार्निंग राजनांदगांव कार्यक्रम में विविध खेल गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर डोमन सिंह ने इस कार्यक्रम में जिले के अधिक से अधिक नागरिकों को शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली को अपनाते हुए शारीरिक गतिविधियों, खेल एवं प्राणायाम को अपनायें। स्वस्थ एवं तंदुरूस्त रहने के लिए शारीरिक गतिविधियां एवं प्राणायाम आवश्यक है। स्वास्थ के प्रति जागरूकता लाने के लिए यह पहल की गई है ताकि अपनी व्यस्तता के बावजूद सभी अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें, प्रतिबद्ध रहें। उल्लेखनीय है कि इस आयोजन में योग-प्राणायाम, कराते, रोप स्कीपिंग, जू-जित्सु, वुशु, टग ऑफवॉर, स्केटिंग, जिम बॉल, थेरा बैंड, मिलीट्री रोप, एडवांस फिजिकल एक्सरसाईज विथ बोसु बॉल जैसे खेलों के साथ-साथ योग-व्यायाम का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के दौरान शामिल होने वाले लोगों को आयुर्वेदिक काढ़ा एवं प्रोटीन डाइट प्रदाय किया जाएगा। इसके साथ ही जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों, सभी हेल्थ वेलनेस सेंटर में भी गुड मॉर्निंग राजनांदगांव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, व्यापारिक संगठन एवं नगर पालिक निगम के संयुक्त तत्वाधान में नियमितीकरण को लेकर शिविरों का आयोजन किया गया

# व्यापारियों की सुविधा हेतु निरंतर लगाये जायेंगे नियमितीकरण शिविर: पारवानी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर।छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि दिनांक 18 मार्च 2023 को चेंबर में नियमितीकरण को लेकर कार्यशाला रखी गई थी इसी परिपेक्ष्य में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, युवा चेंबर, डूमरतराई व्यापारी संघ, द थोक कपडा व्यापारी संघ लि. पंडरी, सिंधु भवन शंकरनगर एवं रायपुर नगर पालिक निगम के संयुक्त तत्वाधान में नियमितीकरण को लेकर शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न व्यापारिक संगठन, व्यापारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।




अतिरिक्त निर्माण के नियमितीकरण को लेकर लगातार छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, चेंबर के एसोसिएशनों एवं नगर पालिक निगम के संयुक्त तत्वाधान में शिविर का आयोजन किया जा रहा है । इसी कड़ी में आज छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, युवा चेंबर, डूमर तराई व्यापारी संघ, द थोक कपडा व्यापारी संघ लि. पंडरी, सिन्धु भवन शंकर नगर एवं रायपुर नगर पालिक निगम के संयुक्त तत्वाधान में नियमितीकरण को लेकर आज शिविरों का आयोजन किया गया।

शिविर में नियमितीकरण कराने हेतु उपस्थित व्यापारियों एवं अन्य आम नागरिकों को नियमितीकरण से सम्बंधित प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा लगने वाले आवश्यक दस्तावेजों के बारे में भी बताया गया । चैंबर अध्यक्ष पारवानी जी ने आगे कहा कि कल भी जिले के तीन स्थानों डूमरतराई, देवेंद्र नगर एवं सिंधु पैलेस शंकर नगर में नियमितीकरण हेतु शिविर लगाये जाएंगे ताकि अधिक से अधिक संख्या में व्यापारियों और आम जनों को इसका लाभ मिल सके।

इस अवसर पर रायपुर मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं चेंबर कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, डूमर तराई व्यापारी कल्याण महासंघ एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं चेंबर कार्यकारी अध्यक्ष राम मंधान, द थोक कपडा व्यापारी संघ लि. के अध्यक्ष एवं चेंबर उपाध्यक्ष पृथ्वीपाल सिंह छाबड़ा, चेंबर उपाध्यक्ष मनोज जैन, जय नानवानी, छत्तीसगढ़ ग्लास एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रहलाद सादिजा, युवा चेंबर माहामंत्री कांति पटेल, उपाध्यक्ष विपुल पटेल, समीर वनश्यानी, विशाल पोपटानी, दिनेश बालानी, संगठन मंत्री विक्रांत राठोड रायपुर नगर पालिक निगम संबंधित जोन के अधिकारी एवं एसोसिएशन के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित रहे ।

# छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल के रिसॉर्ट में कक्ष बुकिंग पर मिल रहा है आकर्षक छूट



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल द्वारा बोर्ड के इकाईयों के कक्ष आरक्षण दर में रियायत देने का निर्णय लिया गया है। बोर्ड द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार सप्ताह के कार्य दिवसों (सोमवार से गुरूवार) तक आरक्षण की दरों पर 35 प्रतिशत छूट प्रदाय की जाएगी। साथ ही बोर्ड के 15 आवासीय सुविधायुक्त इकाइयों में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल के क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी प्रमील वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्षाकाल अवधि (1 जुलाई से 30 सितंबर तक) में बोर्ड के हरेली ईको रिसॉर्ट मोहदा, बारनवापारा एवं सोनभद्र टूरिस्ट रिसॉर्ट, आमाडोब तथा ग्रीष्मकाल अवधि (1 अप्रैल से 30 जून तक) में दण्डामी लग्जरी रिसॉर्ट चित्रकोट, एस.टी.एफ कैम्प रिसॉर्ट चित्रकोट, धनकुल एथनिक रिसॉर्ट कोण्डागांव, हिल मैना हाईवे ट्रीट नथियानवागांव, कांकेर, बैगा एथनिक रिसॉर्ट सरोधादादर, जिला-कबीरधाम, ईको हिल रिसॉर्ट कबीरचबूतरा गौरेला पेण्ड्रा मरवाही, कुरदर हिल ईको रिसॉर्ट बिलासपुर, सतरेंगा बोट क्लब रिसॉर्ट कोरबा, वे साईट एमीनिटी महेशपुर, शैला टूरिस्ट रिसॉर्ट मैनपाट, सरगुजा, करमा एथनिक रिसॉर्ट, मैनपाट, जिला-सरगुजा, सोनतराई मोटल सीतापुर, जिला-सरगुजा, कोईनार हाईवे ट्रीट कुनकुरी जशपुर, सरना एथनिक रिसॉर्ट बालाछापर जशपुर, होटल सिरपुर जिला-महासमुंद ईकाईयों में कक्ष आरक्षण पर छूट प्रदाय की जाएगी।

उक्त अवधि में पूर्व में किये गए कक्ष आरक्षण की अंतर राशि चेकआउट के समय वापस की जाएगी अथवा खान-पान देयक से समायोजित किया जाएगा। उक्त सभी रिसॉर्ट में ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा उपलब्ध है।

# डेयरी उद्यमिता योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को प्रदान किया गया अनुदान राशि का चेक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मुंगेली ।** विगत दिनों नगर पंचायत सरगांव में आयोजित ''भरोसे का सम्मेलन'' कार्यक्रम के दौरान पशुधन विकास विभाग के संचालक श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी और अपर संचालक डॉ. के. के. ध्रुव द्वारा राज्य पोषित डेयरी उद्यमिता योजना के अंतर्गत हितग्राही विनय कुमार अंचल, नेत्रपाल ध्रुव, भुनेश्वर जोगवंशी एवं उमेन्द्रराम को 03 लाख 49 हजार 720



रूपए की अनुदान राशि का चेक प्रदान किया गया। इससे पहले अधिकारियों द्वारा विभागीय स्टाल में व्यक्तिमूलक योजनाओं के अंतर्गत व्हाइट पीकिंग नस्ल की बत्तख, आर.आई.आर. ब्लैक अस्ट्रालार्प तथा कड़कनाथ नस्ल के मुर्गी-मुर्गा व जापानी बटेर एवं बीटल नस्ल के बकरा-बकरी तथा उनके मेमनों का अवलोकन किया गया। विभाग के उपसंचालक डॉ. आर. एम. त्रिपाठी ने बताया कि स्टाल में पशुओं के पोषण एवं स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए हरा चारा खिलाने हेतु नेपियर घास का भी प्रदर्शन किया गया तथा घास की उपयोगिता के बारे में लोगों को मौखिक जानकारी के साथ पाम्पलेट का वितरण किया गया।


अतिशीघ्र आवश्यकता है

एक प्लॉट सेल करने पर 9-10 प्रतिशत तक का ब्रोकरेज
अनुभविकओं के लिए अतिशीघ्र आवश्यकता है...
रियल स्टेट कंपनी में काम किए हुए
अनुभविक एवं फ्रेशर लड़के
एवं लड़कियों की सेल्स एंड मार्केटिंग के लिए...
पार्ट टाइम और फुल टाइम जॉब
सैलरी :-7000-10000/- योग्यता के अनुसार
संपर्क करें : 9109132445
लोकेशनः- भिलाई दुर्ग चरोदा


# गढ़कलेवा माँ बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ पूजा स्पेशल में स्वादिष्ट छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की श्रृंखला रहेंगी उपलब्ध

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ में गढ़कलेवा माँ बम्लेश्वरी पूजा स्पेशल में स्वादिष्ट छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की श्रृंखला उपलब्ध रहेगी। कलेक्टर डोमन सिंह गढ़कलेवा ट्रायल के लिए पहुंचे। उन्होंने यहां बनी खिचड़ी और व्यंजन माँ बम्लेश्वरी मंदिर में भोग चढ़ाया। नवरात्रि पर्व के अवसर पर आज उन्होंने गढ़कलेवा में कन्या भोज में बालिकाओं को स्वयं खीर परोसा।

कलेक्टर की परिकल्पना के अनुसार गढ़कलेवा छत्तीसगढ़ के ग्रामीण परिवेश की थीम में आकर्षक साज-सज्जा की गई है। कलेक्टर ने स्वसहायता समूह की महिलाओं को गढ़कलेवा के अच्छी तरह से संचालन के लिए शुभकामनाएं दीं। उत्साह एवं खुशी के माहौल में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। ज्ञातव्य है कि प्रतिदिन गढ़कलेवा में माता रानी को भोग



लगाएंगे। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार एवं एसडीएम डोंगरगढ़ श्री गिरीश रामटेके उपस्थित रहे। 22 लाख रूपए की लागत से निर्मित गढ़कलेवा के रूप में शहरवासियों को छत्तीसगढ़ी व्यंजन के लिए एक अच्छा स्थान मिला है। आदिवासी संस्कृति की झलक लिए हुए सेल्फी स्टैंड में बच्चों एवं बड़ों ने सेल्फी ली। ग्रामीण परिवेश को संजोए गढ़कलेवा परिसर नांगर, बैलगाड़ी, जांता एवं अन्य परंपरागत कृषि उपकरणों से सुसज्जित है। पर्री से बने मशरूम से शोभा बढ़ी है। छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन देहरौरी, ठेठरी, खुरमी, फरा, चीला, अइरसा, चौसेला, पुड़ी-सब्जी, खिचड़ी, गुलगुला भजिया, गुजिया, सोहारी, खीर जैसे पकवान एवं व्यंजन नागरिकों के लिए उपलब्ध रहेंगे। दीवारों पर इन स्वादिष्ट व्यंजन को बनाने की विधि एवं उनसे जुड़ी मान्यताएं एवं रीति-रिवाज की जानकारी भी दी गई है।

उल्लेखनीय है कि भूमिका संकुल संगठन बिहान द्वारा छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन यहां बनाए जा रहे हैं। समूह की अध्यक्ष श्रीमती अन्नू बाई विश्वकर्मा ने बताया कि बिहान के माध्यम से लिए गए ऋण 3 करोड़ 8 लाख 40 हजार रूपए की राशि के ब्याज की राशि से गढ़कलेवा का संचालन किया जा रहा है। यहां कार्य करते हुए बहुत खुशी हो रही है और यह एक अच्छी


आवश्यकता है
लड़के एवं लड़कियों की
वेतन चार अंकों में
भिलाई मसाला उद्योग
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766




BIG BRAND
Premium Store
30% Off
70001 78467
70008 73376
Near KPS school ,
Nehru Nagar ,Bhilai



Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### प्रशिक्षण एक अनवरत प्रक्रियाःश्रीमती शम्मी आबिदी

**रायपुर।** आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान की आयुक्त सह संचालक शम्मी आबिदी ने टीआरटीआई के सभाकक्ष में विभिन्न जिलों से आए मास्टर्स ट्रेनर्स को संबोधित करते हुए कहा कि ''प्रशिक्षण एक अनवरत प्रक्रिया है''। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा दी गई बहुमूल्य जानकारी को ना केवल अपने जिले के जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधियों तक पहुंचाना है, बल्कि अपने ज्ञान में भी निरंतर वृद्धि करते रहना है, ताकि एक अच्छे मास्टर्स ट्रेनर की भूमिका अदा कर सकें।

उल्लेखनीय है कि टीआरटीआई के तत्वाधान में यह दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा तकनीकी सहयोग दिया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायती राज संस्थाओं का प्रभावी प्रशासन और प्रबंधन सुनिश्चित करने हेतु जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधियों की क्षमता विकास में सवंर्द्धन करना है। सत्र के प्रथम चरण में विभोर देव द्वारा वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अलावा वन अधिकार पत्र वितरण की वर्तमान स्थिति के साथ-साथ सामुदायिक वन अधिकार एवं सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। विदित हो वन संसाधन अधिकार शासन की प्राथमिकता में है। छत्तीसगढ़ राज्य वन अधिकार पत्र वितरण के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में है।

### 1290 बच्चों का कराया गया स्वर्ण प्राशन

**रायपुर।** रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय रायपुर द्वारा आज 1290 बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कौमारभृत्य बाल रोग विभाग में 670 बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया। वहीं शहर के तीन स्कूलों शासकीय प्राथमिक शाला कोटा, मठपुरैना और चंगोराभाठा में शिविर आयोजित कर कुल 620 बच्चों को इसका सेवन कराया गया। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय रायपुर में हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया जाता है। चिकित्सालय के बाल रोग विभाग के डॉक्टरों और अन्य स्टॉफ के साथ आयुर्वेद महाविद्यालय में बाल रोग विभाग में अध्ययनरत पीजी (एमडी) छात्र-छात्राएं भी इसमें सक्रिय भागीदारी करते हैं। इस वर्ष तीन अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 9 जनवरी को 831, 4 फरवरी को 1124 और 3 मार्च को 1137 बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया था। स्वर्ण प्राशन बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, श्वसन संबंधी एवं अन्य रोगों से रक्षा करने के साथ ही एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़ाने में अत्यंत लाभकारी है। यह बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में भी मदद करता है। यह हर महीने की पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को पिलाई जाने वाली औषधि है।

### मनरेगा में मजदूरी दर में 17 रुपए की बढ़ोतरी, अब 221 रूपए मिलेंगे

नई दर 1 अप्रैल 2023 से प्रभावी होंगी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) श्रमिकों को 1 अप्रैल 2023 से प्रतिदिन 221 रुपए की मजदूरी मिलेगी। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा मनरेगा के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए राज्यवार प्रतिदिन मजदूरी की दर का राजपत्र में प्रकाशन कर दिया गया है। मनरेगा के तहत काम करने वाले अकुशल हस्त कर्मकारों हेतु छत्तीसगढ़ के लिए 221 रूपए प्रतिदिन की मजदूरी तय की गई है। यह नई दर 1 अप्रैल 2023 से प्रभावी होंगी। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 204 रुपए मजदूरी दर निर्धारित थी। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए इसमें 17 रुपए की बढ़ोतरी की गई है।

# कड़ाई से लागू किए जाएंगे तम्बाकू नियंत्रण कानून

### तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत गठित राज्य स्तरीय समन्वय समिति की हुई बैठक

### सभी शैक्षणिक संस्थाओं को किया जाएगा तम्बाकू मुक्त

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** राज्य में तम्बाकू एवं तम्बाकू उत्पादों पर नियंत्रण के लिए इससे जुड़े कानूनों को कड़ाई से लागू किया जाएगा। सभी शैक्षणिक संस्थाओं को तम्बाकू मुक्त बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। अपर मुख्य सचिव रेणु जी. पिल्लै की अध्यक्षता में मंत्रालय में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत गठित राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। उन्होंने बैठक में तम्बाकू नियंत्रण से जुड़े कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। राज्य शासन द्वारा तम्बाकू एवं तम्बाकू उत्पादों के उपयोग एवं उपभोग को हतोत्साहित करने लगातार कोशिश की जा रही है। फिर भी राज्य में व्यस्कों एवं बच्चों द्वारा तम्बाकू का उपयोग चिंताजनक है।

राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा तम्बाकू के उपयोग पर नियंत्रण के लिए की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी गई। राज्य में तम्बाकू पर नियंत्रण में आ रही चुनौतियों को भी साझा किया गया। बैठक में तम्बाकू नियंत्रण के लिए कानूनी प्रावधानों जैसे कोटपा एक्ट-2003, कोटपा छत्तीसगढ़ (संशोधन) अधिनियम-2021 तथा ई-सिगरेट पर प्रतिबंध कानून-2019 का कड़ाई से अनुपालन कराए जाने के निर्देश बैठक में मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दिए गए।

बैठक में राज्य में शैक्षणिक संस्थाओं को तम्बाकू मुक्त करने, टोबेको मॉनिटरिंग एप, डब्लूएचओ की एफसीटीसी 5.3 की रणनीति, तम्बाकू मुक्त ग्राम पंचायत, तम्बाकू उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिबंध, वेंडर लाइसेंसिंग तथा तम्बाकू मुक्त कार्यालय पर चर्चा की गई। सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, स्वास्थ्य विभाग के सचिव प्रसन्ना आर., स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक भीम सिंह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक, स्कूल शिक्षा विभाग के विशेष सचिव राजेश सिंह राणा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक भोसकर विलास संदिपान और तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश जैन सहित तम्बाकू नियंत्रण के लिए काम करने वाली संस्थाओं 'द यूनियन' व 'पहल' फाउंडेशन के प्रतिनिधि एवं राज्य शासन के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

महिला स्वरोजगार और सुपोषण को बढ़ावा देने प्रदेश में एक और मिलेट कैफे का संचालन शुरू

# मंत्री अनिला भेंड़िया ने मिलेट केक काटकर बालोद में किया कैफे का शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में महिला स्वरोजगार, उद्यमिता सहित सुपोषण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा मिलेट्स कैफे की शुरुआत की जा रही है। इसी कड़ी में बालोद जिला मुख्यालय में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री अनिला भेंड़िया ने सोमवार को मिलेट केक काटकर मिलेट कैफे का शुभारंभ किया।




उन्होंने मिलेट कैफे का संचालन कर रहीं महाकाल स्वसहायता समूह की महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर श्रीमती भेंड़िया सहित लोगों ने समूह की महिलाओं द्वारा कोदो, कुटकी एवं रागी से बनाए गए विभिन्न व्यंजनों व केक का स्वाद लिया और व्यंजनों के गुणवत्ता की प्रशंसा की। इस अवसर पर विधायक संगीता सिन्हा, नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष विकास चोपड़ा, कलेक्टर कुलदीप शर्मा भी उपस्थित थे।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मिलेट्स को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विधानसभा में सभी विधायकों को मिलेट्स से बने व्यंजन का भोज दिया था। छत्तीसगढ़ राज्य देश का पहला ऐसा राज्य है जो समर्थन मूल्य पर मिलेट्स की खरीदी कर रहा है। मिलेट्स के उत्पादन को मिल रहे प्रोत्साहन से किसानों का भी उत्साह बढ़ा है। श्री बघेल की पहल पर मिलेट्स के उपभोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में मिलेट कैफे का संचालन भी शुरू किया गया है। इन मिलेट्स कैफे को संचालन के लिए महिला समूहों को दिया जा रहा है।

रायगढ़ जिले में जिला प्रशासन के सहयोग से मई 2022 में प्रदेश के पहले मिलेट्स कैफे की शुरूआत की गयी। इसका संचालन महिला समूह द्वारा किया जा रहा है। इसे खुलने के महज कुछ महीनों में ही यहां की मासिक आमदनी 3 लाख रूपये को पार कर गयी है। रायगढ़ के बाद कोरबा जिले में मिलेट्स कैफे का शुभारंभ किया गया। इसी कड़ी में बालोद में अब जिले के पहले मिलेट्स कैफे की शुरुआत की गई है। इस कैफे में पौष्टिकता से भरपूर मिलेट्स के व्यंजनों का स्वाद लोग ले सकेंगे। इस कैफे में कोदो, कुटकी, रागी तथा अन्य लघु धान्य फसलों से निर्मित विविध व्यंजन-इडली, दोसा, पोहा, उपमा, भजिया, खीर, हलवा, माल्ट, कुकीज आदि आम जनता के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## राजमार्गों में घायलों के त्वरित उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा 108 और 1033 का जल्द किया जाएगा इंटीग्रेशन



### परिवहन सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिए गए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय

### राजमार्गों में दुर्घटना रोकने ब्लैक स्पॉट्स के सुधार कार्यों में लाएं तेजी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजमार्गों में ब्लैक स्पॉट्स के सुधार कार्यों, राजमार्गों में लगे कैमरे और टोल प्लाजा के डेटा के इंटीग्रेशन कार्य की प्रगति की समीक्षा परिवहन विभाग के सचिव एस. प्रकाश की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित बैठक में की गई। बैठक में राजमार्गो में घायलों के त्वरित उपचार हेतु एम्बुलेंस सेवा 108 तथा 1033 के यथाशीघ्र इंटीग्रेशन, ब्लैक स्पॉट्स के प्रभावी सुधारात्मक उपायों में शीघ्रता तथा राजमार्गों में लगे कैमरे तथा टोल प्लाजा के डेटा को इंटीग्रेट कर चालानी कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) के अध्यक्ष संजय शर्मा, संयुक्त परिवहन आयुक्त वेदव्रत सिरमौर, प्रबंधक एनएचएआई प्रखर अग्रवाल, उप संचालक स्वास्थ्य डॉ. डी.के तुर्रे, डॉ. जी.जे. राव, एनआईसी के वरिष्ठ संचालक वाई.वी.एस. राव, पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता राजकुमार रात्रे, आरटीओ रायपुर शैलाभ साहू सहित परिवहन, पुलिस, पीडब्ल्यूडी, एम्बुलेंस सेवा 108, 1033 के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गोंदवारा रायपुर में 30 वें निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र का शुभारंभ

संसदीय सचिव विकास उपाध्याय और छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा हुए शामिल



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ योग आयोग के द्वारा नगर निगम क्षेत्र में संचालित नियमित योगाभ्यास कार्यक्रम के अंतर्गत रायपुर के गोंदवारा स्थित कबीर दास वार्ड के बसंत विहार गार्डन में 30 वें निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संसदीय सचिव विकास उपाध्याय शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ योग आयोग ने की।

ज्ञानेश शर्मा ने चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिनचर्या में नियमित योग को शामिल करने से लोग अपने शारीरिक व मानसिक व्याधियों को दूर कर सकते हैं। बसंत विहार गार्डन में प्रतिदिन सुबह 5.30 से 6.30 बजे तक योग प्रशिक्षक बबीता सिंघा द्वारा योगाभ्यास कराया जाएगा। विकास उपाध्याय ने कहा कि योग गतिविधियों के संचालन को लेकर छत्तीसगढ़ योग आयोग राज्य में अपनी अलग पहचान बना रहा है। नियमित संचालित निःशुल्क योगाभ्यास कार्यक्रमों से निश्चित ही लोगों को स्वस्थ लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रुप में वार्ड वरिष्ठ पार्षद नारद कौशल, छत्तीसगढ़ योग आयोग के सचिव एम.एल. पाण्डेय, योग साधकगण सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

# वन मंत्री अकबर ने विभिन्न निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर बोड़ला विकासखंड के ग्राम कुसुमघटा में जन आकांक्षाओं को पूरा करते हुए जन सुविधा के लिए विकास कार्यों की सौगात दी। मंत्री श्री अकबर ने आंगनबाड़ी भवन, मेन रोड से महामाया मंदिर तक टू वॉल, अहिर समाज सामुदायिक भवन, हाई स्कूल सांस्कृतिक मंच और नयापारा सांस्कृतिक मंच का भूमिपूजन किया। मंत्री श्री अकबर ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी।



वन मंत्री श्री अकबर ने ग्राम कुसुमघटा में विकास कार्यों की भूमिपूजन में कहा कि क्षेत्र का समुचित विकास और जन सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उनकी मांगों तथा समस्याओं का ठोस समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता में भी शामिल है। जनहित और लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि शासन बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसके लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी भवन निर्माण से गांव के छोटे-छोटे बच्चे जिनका माता-पिता के बाद स्कूल ही दूसरा घर है उन्हें यहां अच्छी शिक्षा मिलेगी। आंगनबाड़ी भवन में छोटे-छोटे नन्हे बाल गोपाल अपने शैक्षणिक जीवन की शुरुआत कर पाएंगे व आंगनबाड़ी भवन का निश्चित ही ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। गर्भवती महिलाओं को भी काफी लाभ मिलेगा। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना से संचालित सभी सेवाएं आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से मिलेगी।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

## बैड बॉय के नए ट्रैक में मिथुन चक्रवर्ती ने बेटे नमाशी के साथ ठुमके लगाए



दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती अपने अभिनेता बेटे नमाशी चक्रवर्ती के साथ बैड बॉय के जनाबे अली नामक एक नए ट्रैक में स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे। बैड बॉय के निर्माताओं ने जनाबे अली नामक फिल्म के एक नए गीत का अनावरण किया है।

जनाबे अली में एक व्यसनी धुन है और यह एक पार्टी के लिए टोन सेट करेगी। गाने में डेब्यूटेंट अमरीन भी हैं। पहली बार पिता-पुत्र की जोड़ी सिल्वर स्क्रीन पर दिखाई देगी और यह संयोजन निश्चित रूप से फिल्म देखने वालों को रोमांटिक कॉमेडी देखने के लिए उत्साहित करेगा। इस गाने को म्यूजिक उस्ताद हिमेश रेशमिया ने गाया, लिखा और कंपोज किया है।

राजकुमार संतोषी द्वारा निर्देशित, बैड बॉय में जॉनी लीवर, राजपाल यादव, दर्शन जरीवाला और शाश्वत चटर्जी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

बैड बॉय का निर्माण अंजुम कुरैशी और साजिद कुरैशी ने इनबॉक्स पिक्चर्स के बैनर तले किया है और यह 28 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# खाने के तुरंत बाद क्यों हो जाती है उल्टी?

## कहीं कोई बड़ी बीमारी तो दस्तक नहीं देने वाली है



कई बार खाना खाने के तुरंत बाद उल्टी की समस्या होती है. कुछ लोगों में तो यह समस्या अक्सर होती रहती है. प्रेगनेंसी के अलावा खाने के बाद उल्टी आना सामान्य बात नहीं है. खाना खाने के तुरंत बाद उल्टी आना या उल्टी का मन करना खतरनाक होता है. बार-बा ऐसा होने पर किसी बीमारी का संकेत भी हो सकता है. आइए जानते हैं ऐसी कौन-कौन सी बीमारियां हैं, जिनमें खाने के बाद उल्टी आती है...

### डाइजेस्टिव सिस्टम कमजोर होना

अगर खाना खाने के तुरंत बाद उल्टी का मन कर रहा है तो इसका मतलब यह है कि भोजन अपनी गति से आगे नहीं बढ़ रहा है. ऐसे में एसिड रिफ्लक्स हो सकता है और खाने के बाद उल्टी की समस्या होने लगती है. ऐसा होने पर समझ जाना चाहिए कि पाचन शक्ति अच्छी नहीं है.

### पीलिया की वजह से

अगर खाने के बाद उल्टी की समस्या है तो यह पीलिया यानी जॉइंडिस का कारण भी हो सकता है. जॉइंडिस में पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है और खाना ठीक से नहीं पच पाता है. जिससे बार-बार उल्टी की प्रॉब्लम्स हो सकती है.

### एसिडिटी की समस्या

एसिडिटी की समस्या होने पर भी खाने के बाद उल्टी जैसा मन करता है.कई बार खाने में ऐसी चीजें शामिल होती हैं, जिन्हें खाने के बाद पेट में एसिड बनने लगती है और खाना खाते ही उल्टी हो सकती है.

### पथरी हो सकती है वजह

लिवर, किडनी में अल्सर या पथरी जैसी समस्या होने पर उल्टी हो सकती है. ऐसे स्थिति में आप जैसे ही खाना खाते हैं, वैसे ही उल्टी हो सकती है. इसलिए खाने का ध्यान रखना ज्यादा जरूरी होता है.

### खाने के बाद उल्टी की समस्या से इस तरह बचें

- तले-भुने और मसालेदार खाने से तौबा कर लें. ऐसा खाना छोड़ नहीं सकते हैं तो कम जरूर कर लें.
- खाली पेट होने पर ज्यादा खाना से बचें. एक साथ ज्यादा खाना न खाएं.
- कैफीन वाली चीजें चाय, कॉफी, कर्बोनेटिड वाटर, एनर्जी ड्रिंक के सेवन से परहेज करें.
- बहुत ज्यादा समय तक खाली पेट न रहें.
- हर 3 से 4 घंटे में कुछ न कुछ खाते रहें.
- खाना खाने के तुरंत बाद एक्सरसाइज से बचें.



# बिग बॉस फेम प्रियंका चाहर चौधरी ने सिल्वर आउटफिट में बिखेरा जलवा

बिग बॉस फेम प्रियंका चाहर चौधरी फैंस के दिलों को बेताब किए रहती हैं। उनकी स्टाइलिश तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। सीरियल उड़ारियां में एक्टिंग का जलवा बिखेरने वाली प्रियंका चौधरी फैशन सेंस से सुर्खियों पर छाई रहती हैं। एक इवेंट में शामिल हुई एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी के आउटफिट को देखकर हर कोई उनकी तारीफ कर रहा है। सिल्वर कलर के आउटफिट में एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी गजब की बला लग रही हैं। उनकी तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। ऑफ शोल्डर आउटफिट में एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी सिजलिंग पोज देती हुई नजर आ रही हैं। उनकी तस्वीरें देखकर फैंस आहें भरने को मजबूर हैं। मैचिंग टॉप्स और खुले बालों के साथ ओवर ऑल लुक में उनका ग्लोइंग फेस फैंस को काफी पसंद आ रहा है। थाई हाई स्लिट आउटफिट में एक्ट्रेस प्रियंका चौधरी अपनी टोंड लेग्स फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। प्रियंका चाहर बिग बॉस से पहले ये है चाहतें, गठबंधन और सावधान इंडिया जैसे सीरियल्स में काम कर चुकी हैं। 26 साल की प्रियंका अपनी खूबसूरती और बोल्डनेस से अच्छे अच्छे के अरमानों को डोलाने का हुनर जानती हैं। प्रियंका का असली नाम परी चौधरी बताया जाता है, लेकिन कहा जाता है कि न्यूमरोलॉजिस्ट के कहने पर उन्होंने अपना नाम प्रियंका कर लिया। उल्लू के वेब सीरीज '3जी गाली गलोच गर्ल्स में भी एक्ट्रेस को देखा गया, जिसमें वो लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आई।

# टूथ परीः वेन लव बाइट्स में डेंटिस्ट की भूमिका निभाएंगे शांतनु माहेश्वरी

गंगूबाई काठियावाड़ी में अपने काम के लिए सराहना पाने वाले डांसर से अभिनेता बने शांतनु माहेश्वरी जल्द ही अपकमिंग स्ट्रीमिंग सीरीज टूथ परीः वेन लव बाइट्स में एक डेंटिस्ट की भूमिका निभाते नजर आएंगे। सीरीज वैम्पायर और मनुष्य दोनों के बीच एक लव स्टोरी हैं। कहानी में रूमी (तान्या मानिकतला द्वारा अभिनीत) एक वैम्पायर है, जिसका शिकार के दौरान उसका एक दांत टूट जाता है, वह रॉय, जो डेंटिस्ट है, के पास आती है। यह उनकी पहली मुलाकात होती है। सीरीज की शूटिंग कोलकाता में हुई है। इसमें रोमांस, रहस्य, सस्पेंस आदि का तड़का है। इसके अलावा, इस थ्रिलर सीरीज में सिकंदर खेर, आदिल हुसैन, रेवती, सास्वता चटर्जी और तिलोत्तमा शोम भी दिखाई देंगे। एंडेमोल शाइन इंडिया द्वारा निर्मित, प्रतिम दासगुप्ता द्वारा निर्देशित, टूथ परीः वेन लव बाइट्स ओटीटी दिग्गज नेटफ्लिक्स पर 20 अप्रैल, 2023 को रिलीज होगी।

# गर्मी में रोज केला खाएं, इन 5 बीमारियों को दूर भगाएं, सेहत को फायदे ही फायदे

गर्मी का मौसम आ गया है. अब सेहत का विशेष ख्याल रखने की आवश्यकता है. ऐसे में खानपान का रोल बढ़ जाता है. ऐसी चीजों का ज्यादा सेवन करना चाहिए जो बॉडी को हाइड्रेटेड रखें और आपको हेल्दी...गर्मी में फलों का सेवन भी किया जाता है. अगर आप भी इस मौसम में खुद को हेल्दी रखना चाहते हैं तो रोजाना की डाइट में केले को शामिल कर लें. यह सेहत को गजब का फायदा पहुंचाता है. स्किन पर तो यह कमाल का असर दिखाता है. अगर आपके खानपान में केला शामिल है तो आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे. आइए जानते हैं गर्मी में केला खाने के फायदे..



### दिल को रखता है दुरुस्त

हार्ट की समस्याओं से बचना चाहते हैं तो हर दिन केले का सेवन करें. इसमें पोटैशियम की मात्रा भरपूर पाई जाती है. यह हार्ट को सही तरीके से काम करने में हेल्प करता है. केले में विटामिन बी 6 की भी प्रचुरता होती है. यह भी हार्ट के लिए फायदेमंद होता है.

### चेहरा चमकदार बनाए

अगर आप स्किन से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे हैं तो केला काफी फायदेमंद होता है. यह आपकी स्किन की समस्या से छुटकारा दिला सकता है. केला खाने से चेहरा चमकदार बनता है और स्किन खिली-खिली बनती है.

### एनर्जी का पॉवर हाउस है केला

केला एनर्जी का पावरहाउस है. यह कार्बोहाइड्रेट का शानदार सोर्स है। अगर आप केला खाते हैं तो आपकी बॉडी को इंस्टेंट एनर्जी मिलती है. इसे खाने से आप दिनभर ऊर्जा से भरे रहते हैं. सुबह ऑफिस या कॉलेज जाते वक्त केला खाने से दिनभर आप एनर्जेटिक बने रहते हैं.

### स्ट्रेस भगाए, करे टेंशन फ्री

स्ट्रेस में केला काफी फायदेमंद होता है. इसमें ट्रिप्टोफैन नाम का तत्व पाया जाता है. यह शरीर में सेरोटोनिन बनाने का काम करता है। स्ट्रेस को कम करने में सेरोटोनिन काफी काम आता है. मतलब अगर आप केला खाते हैं तो स्ट्रेस आपके पास भी नहीं फटकता है.

### डाइजेशन की समस्या करे दूर

केला खाने से पाचन की समस्याएं दूर हो सकती है. अगर आप कब्ज, एसिडिटी और अपच जैसी समस्याओं से जूझ रही है तो केला खाना फायदेमंद हो सकता है.

# कार्तिक आर्यन के साथ 'आशिकी' जैसी लव स्टोरी में काम करना चाहती हैं राशि खन्ना



एक्ट्रेस राशि खन्ना ने एक्टर कार्तिक आर्यन के साथ 'आशिकी' जैसी लव स्टोरी में काम करने की इच्छा जताई है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान राशि ने कार्तिक के बारे में बात करते हुए कहा, मुझे लगता है कि उनके साथ मैं एक इंटेंस लव स्टोरी करना चाहूंगी, कॉमेडी फन जॉनर की तरह की फिल्म नहीं बल्कि आशिकी जैसी इंटेंस फिल्म की तरह। मुझे लगता है कि वह फिल्म बहुत अच्छी होगी क्योंकि मुझे रोमांटिक फिल्में पसंद हैं। मैंने एक फिल्म की थी, जिसे दर्शकों ने बहुत पसंद किया था इसलिए मुझे कार्तिक के साथ लव स्टोरी जैसी फिल्मों में काम करना है, शायद ऐसी ही कोई फिल्म हो। वर्कफ्रंट की बात करें तो, कार्तिक के पास सत्यप्रेम की कथा, आशिकी 3, और कबीर खान की अगली फिल्म के साथ अन्य फिल्में लाइन में है।

# यामी गौतम की चोर निकल के भागा नेटफ्लिक्स की टॉप-3 की सूची में शामिल

यामी गौतम मौजूदा वक्त में चोर निकल के भागा को लेकर चर्चा में हैं। 24 मार्च को यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक दे चुकी है और इसे दर्शकों द्वारा खूब प्यार मिल रहा है। इसमें यामी संग अभिनेता सनी कौशल मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं और अजय सिंह इसके निर्देशक हैं।

इस थ्रिलर फिल्म को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। दर्शकों को फिल्म में यामी गौतम का अभिनय पसन्द आया है। साथ ही उन्होंने अभिनेता सनी कौशल की भी तारीफ की है। सनी कौशल ने इस फिल्म में ग्रे शेड में नायक की भूमिका निभाई है।

गौरतलब है कि पिछले दो सालों से यामी गौतम की सभी फिल्मों का प्रदर्शन ओटीटी प्लेटफार्म पर हो रहा है। दिनेश विजान द्वारा निर्मित चोर निकल के भाग से पहले भी यामी गौतम की ए थ्रसडे, दसवीं और लॉस्ट का प्रदर्शन ओटीटी पर हुआ था। इन सभी फिल्मों को दर्शकों ने भारी तादाद में पसन्द किया था। अब यामी अपनी हालिया रिलीज चोर निकल के भागा के लिए तारीफे हासिल कर रही हैं। इस फिल्म को देश से बाहर भी लोग पसंद कर रहे हैं और भारत और अमेरिका में टॉप पर ट्रेंड कर रही है।

अब जानकारी आई है कि केवल 3 तीनों में चोर निकल के भागा नेटफ्लिक्स की टॉप-3 की सूची में शामिल हो गई है। सोशल मीडिया पर यामी को काफी पॉजिटिव कमेंट्स मिल रहे हैं, और अभिनेत्री वास्तव में सभी से मिल रही शानदार प्रतिक्रिया से अभिभूत हैं। चोर



निकल के भागा को मिल रही प्रतिक्रिया के बारे में अपना उत्साह साझा करते हुए, यामी ने कहा, चोर निकल के भागा और मेरे किरदार को मिली प्रतिक्रिया कम से कम कहने के लिए संतुष्टिदायक रही है। मेरे कई दोस्त और परिवार जो भारत से बाहर रह रहे हैं, उन्होंने भी टेक्स्ट किया है और फिल्म के बारे में अच्छी बातें कही हैं। और सबसे अहम बात यह है कि जिस तरह से दर्शक और मेरे फैन्स नेहा और फिल्म को इतना प्यार दे रहे हैं.. यह अवास्तविक लगता है, रिलीज के बाद से मेरा फोन बजना बंद नहीं हुआ है।

यह फिल्म सिर्फ भारत और यूएस में ही नहीं टॉप पर ट्रेंड हो रही है, बल्कि इजराइल में भी नंबर 2 पोजीशन पर है, जो एक हिंदी फिल्म के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। अपने विदेशी फैन से तारीफ के शब्द सुनकर यामी ने भी अपनी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा-आपके प्यार और इसे साझा करने के लिए बहुत बहुत धन्यवाद. . . . यह मेरे लिए भी बहुत मायने रखता है... यामी ने आगे कहा, मैं सोशल मीडिया पर जितना हो सके उतने मैसेज और प्रतिक्रियाएं पढ़ने की कोशिश कर रही हूं, जो लोग फिल्म के लिए डाल रहे हैं और मैं ये सब पढ़कर वास्तव में बहुत खुश और प्रेरित महसूस कर रही हूं। मुझे खुशी है कि प्रशंसकों ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उसके साथ न्याय कर सकी... वह आगे कहती हैं, आपके दर्शकों को आपकी पसंद के साथ खड़े देखना बेहद संतोषजनक है, और मुझे उम्मीद है कि मैं इसे जारी रखूंगी। मुझे लगता है कि मुझ पर एक निश्चित जिम्मेदारी है, क्योंकि दर्शकों से एक निश्चित स्तर की उम्मीदें त ब आती हैं जब यह मेरी फिल्मों और मेरे काम की पसंद की बात आती है, और यह विचार मुझे हमेशा खुश करेगा और मुझे अपने काम में बेहतर होने के लिए प्रेरित करेगा।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### अप्रैल से मिलेगा राशन दुकानों में फोर्टिफाइड चावल

**गरियाबंद ।** गरियाबंद जिले में 01 अप्रैल 2023 से समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से फोर्टिफाइड चावल मिलेगा। वर्तमान में मध्यान्ह भोजन एवं पूरक पोषण आहार के लिए ही फोर्टिफाइड चावल दिया जा रहा है, परंतु माह अप्रैल, 2023 से समस्त राशनकार्डधारियों को फोर्टिफाइड चावल वितरीत किया जाएगा। एपीएल परिवारों को उक्त सुविधा प्राप्त नहीं होगी। छत्तीसगढ़ में महिलाओं एवं बच्चों में रक्त अल्पता की स्थिति को देखते हुए शासन ने अप्रैल से सभी उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से फोर्टिफाइड चावल वितरीत किए जाने का निर्णय लिया है। फोर्टिफाइड चावल में विटामिन बी.12, फॉलिक एसिड एवं लौह तत्व मिश्रित किया जाता है, जिससे उसके सेवन से रक्त अल्पता की समस्या दूर हो सके। खाद्य अधिकारी सुधीरचन्द्र गुरू ने समस्त राशनकार्डधारी परिवारों से अपील किया है कि वे इसे प्लास्टिक चावल न समझे तथा नि:संकोच लें एवं सेवन करें, जिससे रक्त अल्पता की समस्या से छुटकारा मिल सके। खाद्य अधिकारी गुरू ने फोर्टिफाइड चावल के संबंध में बताया कि विश्व खाद्य संगठन के अनुसार फोर्टिफिकेशन का अर्थ तकनीक के माध्यम से खाने में विटामिन एवं खनिज तत्व के स्तर को बढ़ाना है। आहार में पोषक तत्वों की कमी को दूर करने के लिए ऐसा किया जाता है। खाद्यान्न की मिलिंग एवं पालिशिंग के समय पोषक के सूक्ष्म तत्व नष्ट हो जाते हैं, जिससे पोषण की मात्रा कम हो जाती है। फोर्टिफिकेशन से खाद्यान्न पुन: पौष्टिक हो जाता है। सामान्य चावल का पाउडर बनाकर उसमें फॉलिक एसिड, विटामिन बी 12 एवं आयरन खाद्य सुरक्षा के मानकों के अनुसार मिलाते हैं। चावल का पाउडर व मिटामिन एवं मिनरल के मिश्रण को मशीन से तैयार कर चावल के दानों, फोर्टिफाइड राइस कर्नेल एफ्आरके को निकाला जाता है। एक दाने को सामान्य चावल के 100 दानों में मिलाया जाता है। फोर्टिफाइड चावल में महत्वपूर्ण पोषक गुण होते हैं।

### संसदीय सचिव ने पानी टंकी निर्माण के साथ ही विस्तारीकरण कार्य का किया शुभांरभ

**महासमुंद।** संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने ग्राम मुसकी में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण व पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य का शुभांरभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यहां पानी टंकी निर्माण व पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य पूरा होने से ग्रामीणों के घरों तक साफपानी पहुंच सकेगा। आज बुधवार को ग्राम मुसकी में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण व पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य का शुभांरभ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अतिथि के रूप में कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संजय शर्मा, सरपंच संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र चंद्राकर, दिलीप चंद्राकर, सरपंच मोतीन ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि सहदेव ध्रुव मौजूद रहे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव चंद्राकर ने पानी टंकी व पाइपलाइन वस्तारीकरण की सौगात मिलने पर ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि जल्द ही इसका निर्माण कार्य पूरा होने के बाद ग्रामीणों को घरों तक साफपानी मिलने लगेगा। उन्होंने कहा कि पेयजल को लेकर अक्सर क्षेत्र के प्रवास पर पहुंचने पर खासकर महिलाएं अपनी समस्या रखती थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए जल जीवन मिशन के तहत ऐसे गांवों को प्राथमिकता में लिया गया है।

# नगरी दुबराज को मिला जीआई टैग

## मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री ने दी बधाई और शुभकामनाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में सुगंधित चावल की विशेष किस्म 'नगरी दुबराज' को जीआई टैग मिल गया है, इससे इस किस्म को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने इस बड़ी उपलब्धि के लिए प्रदेश के किसानों, नगरी के ''माँ दुर्गा स्वयं सहायता समूह'' और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों को बधाई और शुभकामनाएं दी है।




इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय और छत्तीसगढ़ शासन की पहल रंग लायी। भारत सरकार के बौद्धिक संपदा अधिकार प्राधिकरण द्वारा नगरी दुबराज उत्पादक महिला स्व-सहायता समूह 'मां दुर्गा स्वयं सहायता समूह' को नगरी के दुबराज के लिए जीआई टैग दिया गया है। गौरतलब है कि इसके लिए पिछले कुछ वर्षों से लगातार प्रयास किए जा रहे थे। नगरी के दुबराज चावल को जीआई टैग मिलने से इसकी मांग देश के साथ-साथ विदेशों में भी बढ़ जाएगी। इससे धमतरी जिले के नगरी अंचल के किसानों को आर्थिक लाभ मिलेगा।

जियोग्राफिकल इंडिकेशंस टैग एक प्रकार का बौद्धिक संपदा अधिकार होता है जिसमें किसी भी उत्पाद की गुणवत्ता एवं महत्ता उस स्थान विशेष के भौगोलिक वातावरण से निर्धारित की जाती है। इसमें उस उत्पाद के उत्पत्ति स्थान को मान्यता प्रदान की जाती है।

मुख्यमंत्री की पहल पर नगरी दुबराज को जी.आई. टैग अधिकार दिलवाने में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है तथा इस संबंध में बौद्धिक संपदा अधिकार प्राधिकरण के साथ निरंतर पत्राचार किया है। अधिकारियों ने बताया कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के मागदर्शन में ग्राम बगरूमनाला, नगरी जिला धमतरी के नगरी दुबराज उत्पादक महिला स्व-सहायता समूह ''माँ दुर्गा स्वयं सहायता समूह'' ने जी.आई. टैग के लिए आवेदन किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पिछले वर्ष नगरी के किसानों को दुबराज की खुशबू लौटाने का वायदा किया था जो इसे जी.आई. टैग मिलने से पूर्ण होना संभव हो सकेगा। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने नगरी दुबराज को जी.आई. टैग मिलने पर कृषक उत्पादक समूह को बधाई एवं शुभकानाएं देते हुए कहा है कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रयासों से वर्ष 2019 में सरगुजा जिले के ''जीराफूल'' चावल के पश्चात अब दुबराज चावल को जी.आई. टैग मिलना एक बड़ी उपलब्धि है।

### सिहावा में हुई थी उत्पत्ति

छत्तीसगढ़ के बासमती के रूप में विख्यात नगरी दुबराज चावल राज्य की पारंपरिक, सुगंधित धान प्रजाति है, जिसकी छत्तीसगढ़ के बाहर भी काफी प्रसिद्धि तथा मांग है। नगरी दुबराज का उत्पत्ति स्थल सिहावा के श्रृंगी ऋषि आश्रम क्षेत्र को माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार श्रृंगी ऋषि आश्रम का संबंध राजा दशरथ द्वारा संतान प्राप्ति हेतु आयोजित पुत्रेष्ठि यज्ञ तथा भगवान राम के जन्म से जुड़ा हुआ है। विभिन्न शोध पत्रों में दुबराज चावल का उत्पत्ति स्थल नगरी सिहावा को ही बताया गया है।

कलेक्टर ने चख के परखी रेडी टू ईट की गुणवत्ता

# स्कूल और छात्रावास में चल रहे निर्माण कार्य अगले शिक्षा सत्र के पहले करें पूरा-कलेक्टर



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा जिले में शासन की योजनाओं के प्रभावी संचालन के लिए नियमित रूप से विभागों के काम-काज की समीक्षा कर रहे हैं और जमीनी क्रियान्वयन देखने लगातार फील्ड का दौरा कर रहे हैं। इसी क्रम में आज वे छाल व हाटी क्षेत्र के दौरे पर रहे है। यहां उन्होंने विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया और चल रहे निर्माण कार्यो का जायजा लिया।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज छाल के आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। केंद्र में पहुंचकर कलेक्टर सिन्हा ने बच्चों से बात की। बच्चों से मिलने वाले नाश्ते और डाइट के बारे में पूछा। केंद्र में आने वाली बच्ची मानसी ने बताया कि आज नाश्ते में दलिया मिला था और चार्ट के अनुसार डाइट दिया जाता है। कलेक्टर सिन्हा ने आंगनबाड़ी में दिए जाने वाले पोषण आहार के बारे में जानकारी ली और बच्चों को दिए जाने वाले रेडी टू ईट को चख के उसकी गुणवत्ता परखी। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करने व गंभीर और मध्यम कुपोषित बच्चों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिन्हा ने तरेकेला गांव में जल जीवन मिशन का काम देखने पहुंचे। यहां उन्होंने पंचायत भवन के पास लगे नल को चालू कर वाटर सप्लाई का जायजा लेने के साथ ही वहां मौजूद ग्रामीणों से चर्चा कर गांव में हुए काम का फीडबैक लिया। ग्रामवासियों ने बताया कि गांव में लगभग 600 घर हैं। यहां योजना का कार्य पूरा कर लिया गया। ऊपर मोहल्ले में सोलर आधारित प्रोजेक्ट शुरू होने जा रहा है। इसके लिए सर्वे कर लिया गया है। कलेक्टर सिन्हा ने काम जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने धरमजयगढ़ विकासखंड में जल जीवन मिशन में अब तक जारी टेंडर और वर्क ऑर्डर की जानकारी ली।

# मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना के तहत् लोगों को मिल रहा लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलरामपुर।** शासन द्वारा मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना के माध्यम से दूर-दराज के ग्रामीणजनों को बाजार में ही इलाज की सुविधा मिल सके और इलाज के लिए उन्हें लम्बी दूरी तय कर अस्पताल न आना पड़े। हाट-बाजार क्लीनिक योजना के तहत् स्वास्थ्य विभाग की टीम बाजारों में जाकर ग्रामीणों को लक्षण के आधार पर जांच कर नि:शुल्क दवाईयां दे रही है।

हाट-बाजार क्लीनिक योजना के माध्यम से 01 अप्रैल 2022 से अब तक स्वास्थ्य विभाग की टीम 2302 हाट-बाजारों में पहुंची तथा 01 लाख 38 हजार 664 लोगों का जांच/उपचार किया। साथ ही 01 लाख 37 हजार 335 लोगों को नि:शुल्क दवाइयां दी गई, टीम ने प्रत्येक हाट-बाजारों में औसतन 60 लोगों का उपचार किया। ज्ञातव्य है कि निर्धारित साप्ताहिक हाट-बाजारों में आसपास के गांवों से लोग रोजमर्रा की जरूरतों का सामान खरीदने आते हैं। इसलिए शासन ने लोगों को बाजार के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना की शुरूआत की है।

स्वास्थ्य सेवाओं की सहज उपलब्धता तथा दूरस्थ अंचलों तक इसका दायरा बढ़ाने के लिए हाट-बाजारों में



मोबाईल क्लीनिक एम्बुलेंस का भी सहारा लिया जा रहा है। मोबाईल एम्बुलेंस क्लीनिक के माध्यम से चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों का दल हाट-बाजारों में लोगों का इलाज कर नि:शुल्क दवाईयां उपलब्ध करा रहा है। वर्तमान में 74 हाट-बाजारों में मोबाईल एम्बुलेंस की सेवाएं दी जा रही हैं तथा सभी हाट-बाजारों को चक्रीय क्रम में मोबाईल एम्बुलेंस की सेवा से जोड़ने की कोशिश की गई है। हाट-बाजारों में आने वाले ग्रामीणों को गैर संचारी रोगों की सेवाएं तत्काल मिल रही हैं तथा अन्य बीमारियों के इलाज के लिए उचित सलाह दी जा रही है और आवश्यकतानुसार मरीजों को रेफर भी किया जा रहा है। मोबाइल एम्बुलेंस चलता-फिरता अस्पताल बन गया है, जहां लोगों को डॉक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों की सेवाएं नि:शुल्क मिल रही हैं।

# मुख्यमंत्री मितान योजना : 67 हजार लोगों के घर मितान ने पहुंचाये शासकीय दस्तावेज

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री मितान योजना के जरिए बड़ी राहत मिल रही है। शासकीय काम-काज के लिए जरूरी दस्तावेज जैसे जन्म, मृत्यु, मूल निवासी, विवाह आदि प्रमाण पत्र अब लोगों को इस योजना के जरिए आसानी से और घर बैठे ही मिल रहे हैं। मितान ने 67 हजार से अधिक लोगों के घर दस्तावेज लेकर पहुंचा चुके हैं। इन प्रमाण पत्रों के लिए लोगों को केवल टोल फ्री नम्बर 14545 अप्वाइंटमेंट बुक कराना होता है।



अप्वाइंटमेंट बुक करने के बाद आवेदक को बुकिंग की जानकारी के साथ एक एसएमएस प्राप्त होता है। इसके बाद तय समय और तारीख को मितान आवेदक के घर पहुंचकर जरूरी दस्तावेज प्राप्त करते हैं। मितान घर पहुंचकर टैबलेट के माध्यम से दस्तावेजों को सत्यापित कर पोर्टल पर अपलोड करते हैं। इसके बाद सत्यापित दस्तावेजों को संबंधित विभागों को ऑनलाइन भेजे जाते हैं जो आवेदक से संबंधित दस्तावेज की समीक्षा के बाद प्रमाण पत्र जारी करते हैं। प्रमाण पत्र जारी होने के बाद मितान एजेंट द्वारा प्रमाण पत्र आवेदक के घर पहुंचा दिया जाता है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा 01 मई 2022 से प्रदेश के समस्त 14 नगर निगमों में शुरू की गई मुख्यमंत्री मितान योजना में अब तक लगभग 77 हजार लोगों ने शासकीय दस्तावेज घर पर प्राप्त करने के लिए अप्वाइंटमेंट बुक कराया है, वहीं दूसरी तरफ 67 हजार से अधिक नागरिकों ने घर बैठें ही अपने जरूरी शासकीय दस्तावेज प्राप्त किए हैं। इस योजना में लगभग 01 लाख 50 हजार से अधिक नागरिकों ने मितान योजना के टोल फ्री नम्बर 14545 पर सम्पर्क कर शासकीय दस्तावेजों को प्राप्त करने के संबंध में जानकारी हासिल की है।

मितान योजना में जन्म प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र में सुधार, मृत्यु प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र में सुधार, मूल निवासी प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण और प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र, दुकान और स्थापना पंजीकरण संबंधी दस्तावेज, भूमि की रिकार्ड की नकल, भूमि सूचना (भूमि उपयोग), आधार कार्ड पंजीकरण, (5 वर्ष तक के बच्चों का) आधार कार्ड में पता एवं मोबाइल नंबर में सुधार, पैन नम्बर प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र, पैन अपडेट एवं डुप्लीकेट सहित अन्य सेवाएं प्रदान की जा रही है। आगामी दिनों में मितान योजना के माध्यम से नागरिकों को और अधिक सेवाएं प्रदान की जाएंगी। जिससे घर बैठे ही नागरिक अपने आवश्यकता के शासकीय दस्तावेज घर बैठे ही प्राप्त कर सकेंगे।

# कोरबा में शुरू हुआ कैंसर का उपचार, अब मरीजों को नहीं जाना पड़ेगा बाहर

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा । राज्य शासन द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं में की जा रही वृद्धि का परिणाम लोगों को मिलने लगा है। जिले में नवीन मेडिकल कॉलेज खोले जाने से बड़ी से बड़ी बीमारियों का उपचार की राह आसान होने लगी है। इसी कड़ी में कैंसर जैसी बीमारी के उपचार के लिए बड़े शहरों और महानगरों की ओर जाने वाले मरीजों को अब बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्हें शहर के मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में उपचार का लाभ मिलने लगा है।




इससे मरीजों को अनावश्यक पैसे भी खर्च नहीं करने पड़ेंगे और मरीजों के समय की बर्बादी भी नहीं होगी। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में होने वाला जटिल से जटिल ऑपरेशन तथा इलाज अब जिला चिकित्सालय कोरबा में कराना संभव हो गया है। मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ प्रभात पाणीग्रही एम.एस. तथा उनकी टीम के द्वारा एक 35 वर्षीय महिला के ब्रेस्ट कैंसर का सफल ऑपरेशन किया गया है, जिससे जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि की एक नई प्रगति दिखाई देने लगी है।

मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में कैंसर की सर्जरी शुरू होने से जिले के मरीजों में उम्मीद की किरण जग गई हैं, इसके पूर्व कोरबा तथा मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय कोरबा में कैंसर के मरीजों के लिए उपचार तथा ऑपरेशन की सुविधा नहीं होने के कारण जिले के कैंसर से पीड़ित मरीजों को बिलासपुर, रायपुर तथा अन्य राज्यों में जाकर इलाज करवाना पडता था। यह बेहद खर्चीला था और आने-जाने तथा ठहरने में समय के साथ अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ती थी। अब जबकि जिले के कैसर पीड़ित मरीजों को मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय कोरबा में इलाज की सुविधा उपलब्ध है तो मरीजों की एक बड़ी समस्या का निराकरण संभव हो पाया है। मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में पदस्थ डॉ. पाणीग्रही द्वारा बताया गया कि कैंसर बीमारी तेजी से लोगों को अपनी चपेट में ले रही हैं। 04 जनवरी 2023 को मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय कोरबा में एक 35 वर्षीय महिला जो ब्रेस्ट कैंसर स्टेज 2बी की समस्या से जूझ रही थी, उसे एडमिट कराया गया। आयुष्मान भारत स्कीम के तहत उसका ऑपरेशन किया गया। इसके पूर्व यह महिला 1 वर्ष से भी अधिक समय से अलग-अलग अस्पताल में जाकर इलाज एवं ऑपरेशन के लिए भटक रही थी। यहां इसका सफल ऑपरेशन किया गया जिससे महिला को नई जिन्दगी मिल गई। उन्होंने बताया कि महिला के रिकव्हरी की रफ्तार भी अच्छी है। हम प्रोटोकॉल का पालन कर रहे हैं और आवश्यकतानुसार उसका कीमो और रेडियोथेरेपी का ट्रीटमेंट किया जाएगा।

Jaquar Roca Parryware AAJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555


ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### रात्रि गश्त में पुलिस के हत्थे चढ़ा युवक निकला हत्या का आरोपी, बालोद से भाग कर दुर्ग में काट रहा था फरारी

**दुर्ग।** मोहन नगर पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक युवक को शक के आधार पर हिरासत में लिया। थाने लाने के बाद पतासाजी कराई तो युवक हत्या का आरोपी निकला। बालोद जिले के डौंडी लोहारा थाना क्षेत्र में हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद दुर्ग में फरारी काट रहा था। मोहन नगर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर डौंडी लोहारा पुलिस को सूचित कर उसे सौंप दिया है। मोहन नगर थाना प्रभारी विपिन रंगारी ने बताया कि बुधवार रात को गश्त के दौरान एक अनजान युवक पुलिस को देखकर कर इधर उधर छिपने की कोशिश कर रहा था। यह देख पुलिस की टीम ने युवक को हिरासत में लेकर थाने पहुंची। युवक से पूछताछ की गई तो इसके आरोपी होने की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने सोशल मीडिया के सहारे युवक के बारे में पता लगाया तो जल्द ही उसकी जानकारी सामने आ गई। युवक का बालोद निवासी महेश कुमार उर्वशा है और उसके खिलाफ बालोद के डौंडी लोहारा थाने में हत्या का अपराध दर्ज है। आरोपी युवक लगभग 12 दिनों से दुर्ग में छिपा हुआ था।

### राजधानी रायपुर में युवक ने की अपनी नाबालिग पत्नी की हत्या, कैरेक्टर पर शक में कर दिया कत्ल

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में बुधवार को एक युवक ने अपनी नाबालिग पत्नी की गला घोंट कर हत्या कर दी। हत्या की वजह कैरेक्टर पर शक है। दोनों ही एक दूसरे के कैरेक्टर पर शक करते थे और इसके कारण दोनों में अक्सर विवाद होता था। बुधवार की सुबह भी इनके बीच विवाद हुआ और युवक ने गुस्से में अपनी नाबालिग पत्नी की हत्या कर दी। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। खासबात यह है आरोपी युवक पहले भी हत्या के मामले में जेल जा चुका है। यह पूरा मामला तिल्दा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक नेवरा के वार्ड नंबर 22 अटल आवास निवासी सागर निर्मलकर ने एक साल पहले ही 17 साल की लड़की से हाल ही में लव मैरीज की थी। शादी के बाद दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। बताया जा रहा है दोनों एक दूसरे के कैरेक्टर पर शक करते थे और इसी वजह से विवाद होता था। बुधवार की सुबह सागर निर्मलकर की पत्नी छत पर कुछ काम से गई। लगभग 9 से 10 बजे के बीच आरोपी सागर भी पहुंचा और विवाद करने लगा।

इसके बाद दोनों में विवाद इतना बढ़ गया कि सागर ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। जब आरोपी अपनी पत्नी का गला घोंट रहा था उस समय वह काफी चीख रही थी। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग छत पर पहुंचे लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा और आरोपी सागर निर्मलकर को गिरफ्तार कर लिए।

# मुखबिरी के शक में नक्सलियों ने की फिर एक ग्रामीण की हत्या

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सुकमा।** सुकमा में नक्सलियों ने मंगलवार देर रात फिर एक ग्रामीण की हत्या कर दी। देर रात नक्सली गांव में पहुंचे और ग्रामीण को अगवा कर ले गए। इसके बाद धारदार हथियार से उसे मार दिया। फिर शव छोड़कर भाग निकले। नक्सलियों ने शव के पास ही पर्चे भी फेंके हैं। इसमें ग्रामीण पर पुलिस मुखबिर होने का आरोप लगाया है। नक्सलियों ने ग्रामीण के भाई को भी धमकी दी है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। मामला भेज्जी थाना क्षेत्र का है।



ओंधेरपारा निवासी मड़कम राजेश ने बताया कि मंगलवार रात घर के सभी सदस्य खाना खाने के बाद सो रहे थे। इसी दौरान कुछ नक्सली घर में घुस आए। उन्होंने बड़े भाई मड़कम रमेश को उठाया और फिर घर से कुछ दूर ले जाकर हत्या कर दी। शव के पास नक्सलियों ने पर्चे फेंके हैं। इसमें लिखा है कि मड़कम राजेश तीन साल से पुलिस का मुखबिर था। पुलिस मुखबिरी छोडने के लिए उसे कई बार समझाया भी, पर नहीं माना। इसके बाद नक्सलियों की कोंटा एरिया कमेटी ने उसकी मौत का फरमान जारी कर दिया।

एसपी सुनील शर्मा का कहना है कि, नक्सली अब खात्मे की ओर हैं, इसलिए गरीब आदिवासियों को डराने के साथ ही हत्या कर रहे हैं। पुलिस ने नक्सलियों से अपील की है की गरीब आदिवासियों को ना सताया जाए। ग्रामीण आदिवासी की हत्या में शामिल नक्सलियों पर जल्द से जल्द कार्यवाही की जाएगी। इस घटना को कोंटा एरिया कमेटी ने अंजाम दिया है। उसका एलएसओ कमांडर वट्टी भीमा पुलिस के टारगेट पर है। जल्द ही पुलिस उसके खिलाफ भी कार्यवाही करेगी।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा एक लाख का इनामी नक्सली

### कई वारदातों में हो चुका है शामिल

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने नक्सली संगठन पानीडोबिर एलओएस के अध्यक्ष गणेश कड़ियाम को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस के लिए यह सफलता काफी मायने रखती है क्योंकि एक दिन पहले ही यहां पर आईईडी ब्लास्ट हुआ था जिसमें दो जवान घायल हो गए थे।



बता दें मंगलवार को हुए आईडी ब्लास्ट के बाद पुलिस व सुरक्षा बलों से यहां पर सर्चिंग तेज कर दी थी। बुधवार सुबह डीआरजी की एक टुकड़ी गश्त पर मरकानार, केसोकोडी की तरफ निकली थी। इस दौरान केसोकोडी के जंगल में गणेश कड़ियाम पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा किया और घेराबंदी कर उसे पकड़ा। पूछताछ में उसने खुद को नक्सलियों के पानीडोबिर एलओएस का अध्यक्ष बताया। पुलिस रिकॉर्ड में उस पर कई गंभीर अपराध दर्ज हैं। गणेश कडियाम कई नक्सली वारदातों में शामिल हो चुका है। हालांकि मंगलवार को हुए आईईडी ब्लास्ट में वह शामिल नहीं था। लेकिन वह जवानों पर हमले, हत्या, लूट जैसी कई नक्सली वारदातों में शामिल रह चुका है। बताया जा रहा है कि गणेश कोडियाम 2008 से नक्सली संगठन से जुड़ा है।

# माता की जगराता में शामिल होने जा रहा था युवक, खड़ी ट्रेलर से टकराया, मौके पर मौत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** नवरात्र में देवी मंदिरों में भीड़ के कारण पुलिस द्वारा नो एंट्री लगाई जा रही है। रात के समय मंदिरों में हो रहे जगराता व अन्य कार्यक्रमों के कारण भीड़ जुट रही है ऐसे में पुलिस ने भारी वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित किया है। रायगढ़ में भी पुलिस ने रात के भारी वाहनों के लिए नो एंट्री लगाई है। जिससे सड़क किनारे भारी वाहन बेतरतीब तरीके से खड़े हैं। मंगलवार की रात को इसी तरह खड़े एक ट्रेलर से टकराने से युवक की मौत हो गई। युवक भी जगराता कार्यक्रम देखने के लिए जा रहा है।



मिली जानकारी के अनुसार समकेरा गांव निवासी गोलू यादव (22) गांव से लगे धौरभांठा के देवी मंदिर में जगराता व पूजा कार्यक्रम में शामिल होने अपनी पल्सर बाइक से जा रहा था। नवरात्रि के कारण मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी। मुख्य मार्ग में मंदिर होने के कारण सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने यहां पर नो एंट्री लगा रखी थी। जिसके कारण भारी वाहन चालकों को जहां जगह मिली वहां वाहनों को खड़ा कर दिया। इन्ही खड़े वाहनों में एक ट्रेलर से टकराने से गोलू यादव की मौत हो गई। बताया जा रहा है सड़क पर विजबिलटी कम होने के कारण युवक खड़ी ट्रेलर से टकरा गया था।

घटना की सूचना के बाद देर रात पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मरच्यूरी भेजा। इधर युवक के परिजनों को इसकी जानकारी मिली जो वे अस्पताल पहुंच गए। बुधवार सुबह घटना स्थल पर ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन भी किया। परिजनों व ग्रामीणों का कहना है कि भारी वाहन चालकों द्वारा कहीं भी इस तरह से अपने वाहन पार्क कर दिए जाते हैं जिसके कारण हादसे होते हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# बोड़ेगांव के खेत में मिली युवक की लाश, हत्या की आशंका

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नंदिनी नगर थाना क्षेत्र में बोड़ेगांव के खेत में एक युवक की लाश मिली है। लाश तीन से चार दिन पुरानी है और सड़ी गली हालत में है। मृतक क कमर पर चोट के निशान और मौके पर नजर आ रहे परिदृश्य से पुलिस हत्या की आशंका जताते हुए जांच में जुट गई है। फिलहाल मृतक युवक की शिनाख्ती नहीं हो सकी है।

बोड़ेगांव के खेत पर किसी व्यक्ति की लाश पड़ी होने की सूचना पर आईपीएस प्रभात कुमार नंदिनी थाना स्टाफ और एंटी क्राइम एवं सायबर यूनिट टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक एक्सपर्ट डॉ मोहन पटेल और डॉग स्क्वायड ने घटनास्थल का बारिकी से मुआयना किया। मृतक के कमर पर किसी तेज धार हथियार से हमला करने का निशान और खून के दाग हैं। मृतक के हाथ में गोदना से राम लिखा हुआ है।



मृतक के शरीर में कपड़े नहीं है। उसका जींस पैंट और टी शर्ट करीब ही पड़ा मिला। एक जोड़ी चप्पल भी अलग अलग मिले हैं। लाश से पचास मीटर दूर शराब के बोतल का ढक्कन, पानी पाऊच का खाली रैपर और माचिस की डिब्बी मिलने से अनुमान लगाया जा रहा है कि एक साथ शराब पीने के बाद युवक की हत्या की गई है। लाश के करीब ही दो खाली बोरियां भी मिली है। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर मृतक की शिनाख्ती का प्रयास तेज कर दिया है। इसके लिए सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# घर में चल रही थी शादी की तैयारी इधर दूल्हे ने लगा ली फांसी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में शादी की तैयारी में जुटे परिवार के घर मातम पसर गया। जिस युवक की एक दिन बाद शादी होने वाली थी उसने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 28 मार्च को गांव के लोगों को भोज कराया गया और उसके बाद दूल्हें ने मेहंदी भी लगवाई। 29 मार्च की सुबह घरवालों ने दूल्हें की लाश फंदे पर लटकती देखी। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

यह घटना धमतरी जिले के अर्जुनी थाना क्षेत्र की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत ड़ोड़की निवासी रोशन बांधे (25) ने मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 30 मार्च को रोशन बांधे की शादी होने वाली थी और घरवाले इसकी तैयारियों में लगे थे। 28 मार्च को घरवालों ने गांव में भोज कराया और इसके बाद रात को मेहंदी का कार्यक्रम भी हुआ। रोशन ने मेहंदी लगवाई



और रात को सभी सो गए।

इस बीच रात को लगभग 3 बजे रोशन पेशाब करने के लिए उठा और इसके बाद उसने फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब घरवाले उठे तो रोशन को यूं फंदे में लटकता देख शॉक खा गए। एक पल में घर की सारी खुशियां मातम में बदल गई। जिसकी एक दिन बाद बारात निकलने वाली थी। गांव वालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर शव का पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल धमतरी भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक युवक सीमेंट दुकान में काम करता था और बेहद ही शांत स्वभाव का था। उसने आत्महत्या क्यों की यह पता नहीं चल पाया है।


## :: कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला-दुर्ग (छ.ग.)::

कलेक्टोरेट परिसर दुर्ग, फोन नं. 0788-2322071, फैक्स नं. 0788-2211999
निविदा विज्ञप्ति क्रमांक:- पुअ/दुर्ग/01/2023 दिनांक : 28-03-2023

निविदा आमंत्रण सूचना
वर्ष 2022 - 23

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पुलिस अधीक्षक, जिला - दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा निर्माण कार्य हेतु मोहरबंद निविदा **प्रपत्र** - अ में ठेकेदारो से दो लिफाफा पद्धति , जिसमें एक अमानत राशि व दूसरा निविदा प्रपत्र का लिफाफा होगा, निविदा आमंत्रित की जाती है।

| निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | कार्य संपूर्ण अवधि | निविदा फार्म का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | रक्षित केन्द्र दुर्ग में टायलेट/बाथरूम निर्माण कार्य | 9.45लाख | 9500रूपये | 02 माह | 750 रूपये |
| 02 | रक्षित केन्द्र दुर्ग में बोर मय सबमर्सिबल पम्प स्थापना कार्य। | 1.43 लाख | 1500रूपये | 01 माह | 300 रूपये |
| 03 | थाना भिलाई नगर परिसर में पुरूष शौचालय/वाशरूम निर्माण कार्य। | 1.00 लाख | 1000रूपये | 01 माह | 300 रूपये |

निविदाकर्ता को निविदा प्रपत्र के शर्तो के अधीन निम्न समय सारिणी के अनुसार निविदाएं प्रस्तुत करना होगा।

| क्रमांक | विवरण | समय व स्थान |
|---|---|---|
| 01 | निविदाकारो की श्रेणी | ई - पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी (द) या उससें उच्च श्रेणी |
| 02 | निविदा फार्म विक्रय व जमा करने का स्थान | पुलिस अधीक्षक कार्यालय, दुर्ग |
| 03 | निविदा फार्म विक्रय की अंतिम तिथि एवं समय | 17.04.2023 समय 17.00 बजे तक। |
| 04 | निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18.04.2023 समय 15.00 बजे तक। |
| 05 | टेक्निकल बिड खोलने का तिथि एवं समय | 18.04.2023 समय 16.00 बजे तक। |
| 06 | फायनेंशियल बिड खोलने का समय | पृथक से अवगत कराया जायेगा। |

नोट :- 01.निर्माण कार्य हेतु निविदा के नियम कार्यालयीन समय में पुलिस अधीक्षक कार्यालय, दुर्ग से प्राप्त किये जा सकते है। 02. स्थल का चयन पुलिस अधीक्षक दुर्ग के निर्देशानुसार परिवर्तन किया जा सकता है। 03. आकस्मिक स्थिति में निविदा खुलने की तिथि अल्प सूचना पर बदली जा सकती है। 04. उपरोक्त किसी भी तिथि में शासकीय अवकाश घोषित होने की स्थिति में आगामी कार्य दिवस में पूर्व निर्धारित समय तक मान्य किया जावेगा। 05.किसी भी प्रकार के विवादो के निपटारा में पुलिस अधीक्षक, दुर्ग का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

जी-99719/3


पुलिस अधीक्षक
जिला-दुर्ग ( छ.ग. )


### दिनदहाड़े युवक की कुल्हाड़ी मारकर हत्या

# अवैध संबंधों के शक में दो लोगों ने दिया वारदात को अंजाम

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में बुधवार को एक युवक की दिनदहाड़े कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई है। दो लोगों ने मिलकर युवक पर कुल्हाड़ी पर ताबड़तोड़ वार किया जिससे उसकी मौत हो गई। खून से लथपथ शव को छोड़कर दोनों मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना के बाद मौक पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और दूसरे की तलाश है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नावापारा कलां निवासी रामसिंह कंवर (35) बुधवार सुबह लगभग 10 बजे सरपंच के घर जा रहा था। इसबीच रास्ते मे दो युवकों ने उसे रोका और



विवाद शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ा किया दोनों ने कुल्हाड़ी से रामसिंह पर ताबड़तोड़ वार किया। राम सिंह के सिर पर कुल्हाड़ी के कई वार पड़े जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। खून से लथपथ रामसिंह को सड़क पर छोड़कर दोनों फरार हो गए।

आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा और आरोपियों की तलाश भी शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस को गांव से ही एक आरोपी लखन यादव को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। वहीं दूसरा आरोपी निर्मल यादव फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। शुरुआती पूछताछ में अवेध संबंध की बात सामने आई है जिसके कारण राम सिंह की हत्या हुई।


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

# भिलाई चेंबर के दो वर्ष पूरे, प्रदेश पदाधिकारियों ने दी बधाई, उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई अपने इस कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण कर चुकी है, इस उपलक्ष्य में भिलाई चेम्बर द्वारा व्यापारियो को समर्पित 2 वर्ष शीर्षक से एक कार्यक्रम किया। इस कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री अजय भसीन व अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा ने भिलाई के व्यापारियों का धन्यवाद किया व ऐतिहासिक कार्यकाल की सफलता का श्रेय भिलाई के व्यापारियों को दिया।

इस मौके पर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने भावुक होकर कहा कि आप सभी ने मुझे चुना मैने पूरा प्रयास किया कि मैं आपकी इच्छाओं पर खरा उतर सकूं। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की हर समस्या को दूर करने की कोशिश है और समस्याओं को दूर भी किया है। उन्होंने कहा कि गर्व है कि आज हम सभी व्यापारियों के लिए एक प्लेट फार्म है जहां हम अपनी मांग अपनी शिकायत व सुझाव निसंकोच रख सकते है। कार्यक्रम के दौरान भिलाई चेंबर के अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा ने सभी व्यापारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि शासन के साथ सेतु बनकर व्यापारियों के हित के लिए सदैव तत्पर है। जन संपर्क अधिकारी शंकर सचदेव ने भिलाई चेम्बर के द्वारा इन दो वर्ष में किये कार्यो में प्रमुख रूप से सदस्यता




अभियान,नियमिती करण शिविर,कोविड कॉल के कार्यों, आया त्योहार चलो बाजार अभियान का जिक्र किया। इस मौके पर व्यापारियों को समर्पित 2 वर्ष का एक पोस्टर का विमोचन भी किया गया। उत्कृष्ट सेवा के लिए उद्योग चेम्बर के प्रदेश पदाधिकारी करमजीत सिंह बेदी व सुधाकर शुक्ला जी का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर उद्योग चेम्बर अध्यक्ष जेपी गुप्ता, महिला चेम्बर अध्यक्ष सरोजिनी पाणिग्रही,प्रदेश उपाध्यक्ष महेश बंसल,सुमन कन्नोजे, राकेश मल्होत्रा, अशोक गोयल, पुरषोत्तम टावरी, सुनील मिश्र, हरीश शर्मा, उत्तम चंद जैन, रोहित भसीन, राम ओबेरॉय सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खास - खबर

### संयंत्र द्वारा ग्राम झेंझरी में किशोर स्वास्थ जागरूकता सप्ताह का आयोजन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग (सीएसआर) और जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, सेक्टर-9 के संयुक्त तत्वाधान में भारत सरकार के निर्देशानुसार ग्राम झेंझरी के प्राथमिक एवम् माध्यमिक विद्यालय के सभागार में 27 मार्च, 2023 को किशोर स्वास्थ जागरूकता सप्ताह 2023 आयोजित किया गया। इस आयोजन में 10 से 19 वर्ष के बच्चों को इस उम्र से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं और किशोरावस्था से संबंधित सकारात्मक पहलू, शारीरिक बदलाव तथा मनोवैज्ञानिक बातों से अवगत कराया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एन एस ठाकुर ने अपनी टीम के साथ मिलकर लोगों और युवाओं तक अपनी बात पहुंचाई। सीएसआर की विकास सहायक अंचल की लोक कलाकार श्रीमती रजनी रजक ने भी अपने बोल एवम् लोक गीतों के माध्यम से लोगों में जागरुकता का प्रचार प्रसार किया। कार्यक्रम की इसी कड़ी में विद्यालय के शिक्षक श्री सोहन साहू, मितानिन् दुर्गेश ने बच्चो को संबोधित किया। कार्यक्रम में एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें सही जवाब देने वाले लगभग 30 बच्चों को चिकित्सा विभाग के डॉ कौशिक किशोर, रुचिका ताम्रकार एवम् टीम ने सीएसआर विभाग की ओर से पुरस्कार वितरित किये। इस रोचक ज्ञानवर्धक आयोजन में ग्रामीण जन शिक्षक एवम् सीएसआर के कर्मचारी बुधेलाल का विशेष सहयोग रहा। गाँव के वरिष्ठ नागरिक श्रवन ताम्रकार ने आभार प्रकट किया।

### बीएसपी में स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता पर जागरूकता रैली

**भिलाई।** सेल भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में सिंटर सयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्त के नेतृत्व में सिन्टर संयंत्र-3 (एसपी-3) में स्वच्छ भारत अभियान के तहत रैली का आयोजन किया गया। स्वच्छ भारत के लक्ष्य में सहयोग और भागीदारी के उद्देश्य से यह स्वच्छता रैली आयोजित की गई। रैली में सम्मिलित प्रत्येक व्यक्ति ने एक स्वर में स्वच्छता बनाये रखने की शपथ ली और इस कड़ी को निरंतर आगे बढ़ाने की प्रेरणा भी प्राप्त की जिससे भविष्य में भी स्वच्छता के प्रति जागरुकता बनी रहे। यह रैली सिंटर भवन से निकल कर लुब्रिकेशन, वेंटिलेशन अनुभाग होते हुए मशीन-1 से मशीन-2 तक आयोजित की गई। इसी कड़ी में मशीन-1 से मशीन-2 तक के आवागमन पथ की संपूर्ण साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम में सिंटर प्लांट के अधिकारी व कर्मचारीगण सहित कार्मिक विभाग से कार्मिक अधिकारी, अति श्रम कल्याणकारी अधिकारी और ठेका श्रमिकों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (एसपी 3) एम आर के शरीफकी अगुवाई में प्रचालन प्रमुख ए के बेडेकर, मैकेनिकल प्रमुख सी एस राम तथा इलेक्ट्रिकल प्रमुख सौरभ वार्ष्णेय की टीम ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की संभाग स्तरीय बैठक कल दुर्ग में

**दुर्ग।** भाजपा की पिछड़ा वर्ग मोर्चा की गांव-गांव चलो घर-घर चलो अभियान की तैयारी एवं संपादन हेतु संभाग स्तरीय बैठक दिनांक 31 मार्च दिन शुक्रवार को जिला भाजपा कार्यालय दुर्ग में प्रात: 11:00 बजे से आहूत की गई है। इस बैठक में दुर्ग संभाग के अंतर्गत आने वाले भाजपा के संगठनात्मक जिले दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, कवर्धा, बालोद, बेमेतरा, मानपुर- मोहला, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में निवासरत पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश के पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, जिलों के जिलाध्यक्ष-महामंत्री व कोषाध्यक्ष एवं दुर्ग जिले के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष-महामंत्री उपस्थित रहेंगे। इस बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश प्रभारी पूर्व आईएएस ओपी चौधरी, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, प्रदेश कार्यक्रम प्रभारी राकेश चंद्राकर, दुर्ग जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रभारी अंबिका चंद्रवंशी उपस्थित रहेंगे।

# राहुल के लिए ना डरेंगे, ना झुकेंगे ना रुकेंगे, डट कर करेंगे संघर्ष: वोरा

## प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा से मुलाकात कर विधायक वोरा ने दोहराया संकल्प

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। वरिष्ठ कांग्रेस विधायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा से मुलाकात की। राजीव भवन में हुई मुलाकात के दौरान वोरा ने प्रदेश प्रभारी से संगठनात्मक चर्चा करने के साथ ही उन्हें दुर्ग आने का आमंत्रण भी दिया जिसे कुमारी शैलजा ने सहर्ष स्वीकार करते हुए जल्द ही दुर्ग आने का आश्वाण दिया।



वोरा ने कुमारी शैलजा से चर्चा के दौरान कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हमारे शीर्ष नेताओं एवं राहुल गांधी जी को जिस तरह से तानाशाही रवैये से परेशान करने एवं एजेंसियों का दुरुपयोग कर डराने का प्रयास किया जा रहा है वो निंदनीय है इससे कांग्रेस के कार्यकर्ता डरने वाले नहीं हैं।

उन्होंने प्रभारी को बताया कि दुर्ग शहरी क्षेत्र में पार्षद दल की बैठक के दौरान केंद्र के खिलाफजमीनी लड़ाई लड़ने का संकल्प पारित किया गया है। वोरा ने संकल्प दोहराते हुए कहा कि राहुल गांधी के खिलाफ की जा रही कार्यवाही अनैतिक है एक शहीद के पोते एवं शहीद के बेटे को परेशान करने का असफल प्रयास किया जा रहा है। पूरा देश एवं सभी कांग्रेसी राहुल गांधी जी के साथ खड़े हैं। जो ना डरेंगे ना झुकेंगे और ना ही न्याय मिलने तक रुकेंगे। गांधी परिवार ने आजादी के समय से ही देश के विकास में अपना योगदान देने के साथ ही अपनी कुर्बानी भी दी है। अब जनता आर पार की लड़ाई में कांग्रेस पार्टी एवं गांधी परिवार के साथ है।

## धरोहरों को सहेजने का कार्य प्रारंभ, सुपेला में सेवन वंडर्स का हो रहा है कायाकल्प



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत शहर के हृदय स्थल सुपेला में निर्मित सेवन वंडर्स का कायाकल्प हो रहा है। महापौर नीरज पाल खुद खड़े होकर इसकी मानिटरिंग कर रहे हैं। विगत 3 दिनों से महापौर इस स्थल के सौंदर्यीकरण को लेकर स्वयं मैदान पर उतर गए हैं। भिलाई में धरोहर को सहेजने का कार्य किया जा रहा है इसी कड़ी में सुपेला में निर्मित सेवन वंडर्स जो कि काफी दिनों से अपने मूल स्वरूप में तब्दील होने की राह देख रहा था, अब इस पर कार्य प्रारंभ हो गया है। सुपेला के इस स्थल से प्रतिदिन हजारों लोगों का आना-जाना होता है, इसलिए इसे संवारने का काम शीघ्रता से किया जा रहा है।

सेवन वंडर्स स्थित परिसर के सौंदर्यीकरण कार्य में आर्टिस्टिक पेंटिंग, अलग-अलग आकर्षक लाइट, रेलिंग एवं ग्रिल, फुटपाथ निर्माण आदि पर काम किया जा रहा है। शीघ्र ही यह स्थल अपने भव्य स्वरूप में तब्दील होने वाला है, इसके बाद यह लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। यहां से गुजरने वाले सभी को यह मनमोहक दृश्य का आनंद देगा, वही देश-विदेश के सात अजूबे को लोग एक स्थल पर ही देख पाएंगे। महापौर की मॉनिटरिंग के चलते इसका सौंदर्यीकरण का काम तीव्र गति पर है। विकास कार्यों को धरातल पर लाने के लिए महापौर स्वयं जुट गए है।

गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व ही महापौर एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने संयुक्त रूप से अधिकारियों के साथ इस स्थल का जायजा लिया था। सौंदर्यीकरण को लेकर पूर्व से ही निर्देश अधिकारियों को दे दिए गए थे।

## ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भिलाई के युधिष्ठिर को पदक




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस एथलेटिक्स प्रतियोगिता दिनांक 26/3/23 से 28/3/23 तक श्री शिवछत्रपति स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स,पुणे महाराष्ट्र में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में भिलाई दुर्ग के युधिष्ठिर साहू ने 5000 मीटर दौड़ और 1500 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान प्राप्त किया ।

युधिष्ठिर साहू ने चार सालों से लगातार पदक प्राप्त करते हुए अभी तक 2 स्वर्ण पदक एवं 6 रजत पदक अपने नाम करने में कामयाबी मिली है।

युधिष्ठिर साहू अपना अभ्यास जयंति स्टेडियम में NIS Coach विनोद नायर के मार्गदर्शन में करते आये हैं। भिलाई दुर्ग के एथलीट युधिष्ठिर साहू की इस उपलब्धि पर एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष श्री जी. एस .बामरा सर एवं सभी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए अपनी बधाईयाँ प्रेषित की हैं।

सेक्टर 1 के पंत स्टेडियम में हो रहा है महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन

## कई राज्यों के महिला फुटबॉल खिलाड़ी पहुंचे भिलाई महापौर नीरज पाल ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेक्टर 1 के पंत स्टेडियम में राष्ट्रीय स्तर का फुटबॉल मैच का आयोजन हो रहा है। महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप का मैच सोमवार को जम्मू कश्मीर एवं मध्य प्रदेश के मध्य खेला गया।



बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे महापौर नीरज पाल ने खिलाड़ियों का हौसला बुलंद किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से परिचय लेते हुए उन्हें छत्तीसगढ़ की धरा पर आने की बधाई दी तथा खिलाड़ियों का कुशलक्षेप भी जाना और जीत की शुभकामनाएं दी। बता दे कि 6 अलग-अलग राज्यों की टीम भिलाई में फुटबॉल मैच के लिए पहुंची है।

सोमवार को जम्मू कश्मीर एवं मध्यप्रदेश के बीच हुई मैच में मध्यप्रदेश ने 6-0 से जम्मू कश्मीर को शिकस्त देकर विजय हासिल किया। छत्तीसगढ़ 27 वा महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए लद्दाख, दिल्ली, झारखंड, छत्तीसगढ़, जम्मू कश्मीर एवं मध्य प्रदेश के खिलाड़ी भिलाई में पहुंचे है। प्रतिदिन मैच का आयोजन किया जा रहा है। 8 अप्रैल को फाइनल मैच खेला जाएगा और मैच समाप्त होगा। छत्तीसगढ़ की भूमि पर आकर अन्य राज्यों के खिलाड़ी काफी प्रसन्नचित्त है। सुबह 8:00 बजे एवं शाम को 4:00 बजे मैच का आयोजन शेड्यूल के अनुरूप हो रहा है। मैच को लेकर खिलाड़ियों में काफी उत्सुकता है तथा हर खिलाड़ी अपने टीम को जिताने की कोशिश में है। महापौर के साथ खिलाड़ियों की हौसला अफजाई के लिए छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के महासचिव जे.डी. गांधी तथा सहायक महासचिव मोहनलाल भी मौके पर मौजूद रहे।

# भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल ने मनाया 40 वां जन्मदिन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। प्लेट मिल, जो कि भिलाई इस्पात संयंत्र की उच्च गुणवत्ता वाली स्टील प्लेटों के अग्रणी निर्माता है, ने 29 मार्च को अपना 40वां जन्मदिन मनाया। आज के ही दिन, 29 मार्च, 1983 को प्लेट मिल ने अपनी पहली प्लेट का उत्पादन किया था। स्थापना के बाद से, प्लेट मिल अपने ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाली स्टील प्लेट बनाने में समर्पित रही है।




मिल ने स्टील प्लेटों की एक विस्तृत श्रृंखला का उत्पादन किया है जो उद्योग जगत की सबसे आवश्यक और बड़ी मांगों को पूरा करती है। मिल के लिए यह गर्व की बात है कि प्रतिष्ठित गगनयान परियोजना और आईएनएस विक्रांत के निर्माण में इसके प्लेटों का उपयोग किया जा रहा है। प्लेट मिल ने अपने स्थापना के बाद से अब तक 33 मिलियन टन स्टील प्लेटों का उत्पादन कर चुका है। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने विशेष रूप से सजाए गए मिल की पहली रोल्ड प्लेट के सामने केक को उपस्थित व्यक्तियों के समक्ष काटा।

सभा को संबोधित करते हुए निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा कि चालीस साल पहले, हमने इस यात्रा की शुरुआत उच्चतम गुणवत्ता वाली स्टील प्लेट बनाने की दृष्टि से की थी। आज हम अपनी उपलब्धियों का जश्न मना रहें हैं और हमें अपनी टीम पर गर्व है जिसने हमें इस मील के पत्थर तक पहुंचने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने यह भी कहा कि प्लेट मिल को आने वाले और 40 साल की यात्रा के लिए तैयारी करना चाहिए। कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार ने प्लेट मिल और उसकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि प्लेट मिल द्वारा एक कीर्तिमान को हासिल किया गया है। उन्होंने प्लेट मिल को अधिक से अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने और कठिन लक्ष्यों को प्राप्त करने की इच्छा व्यक्त की। इसके अलावा कार्यपालक निदेशक (कार्मिक) एम एम गद्रे ने प्लेट मिल में अपने कार्यकाल की यादें ताजा की। प्लेट मिल के मुख्य महाप्रबंधक रवींद्र कुमार बिसारे ने मिल की उपलब्धियों का पूरा श्रेय अपनी टीम और सहयोगी एजेंसियों द्वारा प्रदान की गई सहायता व संरचना को दिया। उन्होंने यह भी कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी और कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) के आशीर्वाद और मार्गदर्शन के कारण प्लेट मिल में और भी कठिन और बड़े लक्ष्यों को हासिल करने का आत्मविश्वास जागा है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा सेवाएं) एम रवींद्रनाथ, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सेवाएं) प्रबीर कुमार सरकार, मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस 2) सुशांता कुमार घोषाल, मुख्य महाप्रबंधक (एमडब्ल्यूआरएम) एम के गोयल, मुख्य महाप्रबंधक (एस आर एम) तुषारकांत, महाप्रबंधक प्रभारी (पीपीसी) संजय कुमार उपस्थित रहे।

## दुर्ग से पलासा, बरहमपुर तक सीधी रेल सेवा की मांग, आंध्र उत्कल संघर्ष समिति ने रेल मंत्री को सौंपा मांग पत्र



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग से पलासा, बरहमपुर तक वया विजय नगरम नई ट्रेन चलाया जाने की मांग को लेकर आंध्र उत्कल संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों ने दुर्ग सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में केन्द्रीय रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से रेलव भवन नईदिल्ली में मुलाकात की। इस मौके पर आंध्र उत्कल संघर्ष समिति के अध्यक्ष एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे रायपुर मंडल पूर्व रेल्वे सलाहकार समिति सदस्य के उमाशंकर राव, डॉ. एस आदिनारायण, कैप्टन संजीव, रोशन ताम्रकार, एल श्रीनिवास राव ने दुर्ग से पलासा, बरहमपुर तक नई ट्रेन चलाने के संबंध में मांग पत्र सौंपा है।

आंध्र उत्कल संघर्ष समिति के अध्यक्ष व पूर्व रेल्वे सलाहकार समिति सदस्य के उमाशंकर राव ने बताया कि उक्त मांग पर सांसद विजय बघेल ने दो बार लोकसभा में पहल कर अपनी सहभागिता निभाई। इसके अलावा केन्द्रीय रेल मंत्री से मुलाकात कर शीघ्र नई ट्रेन को चलाया जाने पर बल दिया। केंद्रीय रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने जल्द ही इस मांग पर परिशीलन कर समाधान करने की सहमति जताई। दुर्ग से पलासा, बरहमपुर तक वया विजय नगरम नई ट्रेन प्रारंभ किए जाने की पर लाखों आंध्र उत्कल वासियों तथा पर्यटकों को सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अलावा बुजुर्गो, महिलाओं एवं बच्चों को भी सफर करने में आसानी होगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950